पांचवी मोहर

आईये अब हम अपने सिरों को प्रार्थना के लिये झुकाये।

2 अनुग्रहकारी स्वर्गीय पिता, सर्वशक्तिमान परमेश्वर, जिसने यीशु मसीह को मरे हुओ में से फिर जिलाया और उसे हमारे सामने इन अन्त के दिनो में प्रस्तुत किया, पवित्र आत्मा के सामर्थ में, हम अनन्त परमेश्वर की इन सामर्थ भरी मुलाकातो के लिये धन्यवादित है। और अब पिता, हम दूसरी घडी का सामना कर रहे है, एक समय जो कि बहुत से लोगों के अनन्त गंतव्य को बदल सकता है।

3 और प्रभु इस पहुँच करने के लिये, हम लोग अयोग्य है। क्योंकि यह वचनों में है कि, "मेम्ने ने पुस्तक को लिया और मोहरो को खोल दिया।"

4 ओ परमेश्वर के मेम्ने, हम प्रार्थना करते है कि आप आगे आये। प्रभु हम आपको पुकारते हैं, महान छुडाने वाले, आगे आकर हमे अपने छुटकारे की योजना को दिखाये, जो कि वर्षो से छिपी हुयी थी, इस पांचवी मोहर को आज रात्रि हमारे लिये तोडते हुये, पिता, और दिखाते हुये कि मोहर के नीचे हमारे लिये क्या है; ताकि हम एक अच्छे मसीह होकर जाये, जो हम अब है, उस कार्य के लिये उपयुक्त हो सके जो आगे रखा है। हम यह यीशु के नाम में मांगते है। आमीन।

बैठ जाये।

5 शुभ संध्या, मित्रो। मैं समझता हूँ आज रात्रि यहाँ होना शानदार सौभाग्य की बात है आज रात्रि, इस महान घटना पर। मैं नही जानता कि मुझे कही और अच्छा लग सकेगा, बजाये कि मैं राजा के कार्य पर रहूँ। और अब विशेषकर इन पाठो पर आते हुये, जहाँ कि हम बस प्रतिक्षा कर रहे है; यदि वह मुझ पर प्रकट नहीं करेगा, तो मै आपको नहीं दे सकता। मैं अपने कोई विचार उपयोग करने का यत्न नहीं करता या कुछ भी, ठीक जैसा वह इसे मुझे देगा, यह ठीक बात है। और मैं—मैं निश्चित हूँ, यदि मैं अपने विचारो का उपयोग नहीं करता हूँ और ये मार्ग के बीच में आते है, जो है। और सारे जीवन भर यह कभी यह कभी गलत नहीं हुआ। यह इस बार भी गलत नहीं होगा।

6 अब, हम बस शानदार और बहुत—बहुत धन्यवादित है, कि जो उसने हमारे लिये किया, जीवित परमेश्वर का महान भेद भरा हाथ! यह कितनी महान बात हो सकती है हम और कितने सौभाग्यशाली लोग हो सकते थे, इससे कि हमारी उपस्थिति राजाओ के राजा, प्रभुओ के प्रभु के सामने हो?

7 हम सम्भवत: सीटी बजायेगे और—और झंडे ऊँचे करेगे और कालीन बिछाये और सब चीजे, देश के राष्ट्रपति के लिये कि नगर में आता है। परन्तु जरा सोचिये, कि ये सही होगा और यह नगर के लिये सम्मान होगा।

8 परन्तु सोचिये। आज रात्रि हमारे छोटे नम्र अराधनालय में हम राजाओं के राजा को निमन्त्रण दे रहे है परमेश्वर को। और हम नहीं... वह नहीं चाहता कि कालीन बिछाई जाये और आदि–आदि। वह चाहता है कि नम्र ह्रदय सामने रखे जाये, ताकि वह इन नम्र ह्रदयों को ले सके और उन पर अच्छी चीजे प्रकट करे—वह—वह अच्छी बातें जो उसके पास भण्डार में उन के लिये जो उस से प्रेम करते है।

9 अब, हम पूछते है... और मेरे पास एक गवाही है जो कि मैं देना चाहुंगा, अब यदि मैं इसमें गलती करूं; मैंने अभी–अभी ये सुना हो सकता है मैं गलत हूँ। परन्तु मैं सोचता हू लोग यहाँ पर है और जिन पर गवाही लागू होती है।

10 और फिर कुछ दिनों पहले, जब मैं अपने घर ऐरीजोना में था, हमे एक टेलीफोन आया, जिसमें कहा गया कि एक छोटा लडका था जिसे गठिया वाला बुखार था। जो ह्रदय पर जाता है और वह ऐसा था... उसके पिता और माता ऐसे प्रिय मूल्यवान मेरे मित्र थे, वह हमारा एक डीकन था यहाँ पर कलिसिया का भाई कोलिन्स। उसका छोटा लडका, छोटा मिकी जॉय का साथी, जो ह्रदय के गठिया बुखार से पीडित था और डॉक्टर ने उसे घर भेज दिया था और उसे चारपाई पर डाल दिया और माता–पिता को बता दिया कि उसे उठने भी ना देना, ना ही सिर उठाने देना कि पानी पीये, नलकी से पीये; उसकी हालत इतनी खराब थी। और ईमानदार माता–पिता यहाँ अराधनालय में आये और विश्वास करते है।

11 और कुछ रात्रियो पहले, प्रतिक्षा का यत्न नही किया, हमने रविवार में चंगाई सभा घोषित की। परन्तु ये देखते हुये कि प्रश्नो के उत्तर देने जा रहे है, इसलिये हमे चंगाई सभा को हटाना पडा।

12 और तब मेरे पास कुछ छोटा सा था, जो मैने अपने अन्दर रख रखा था अपने ह्रदय में।

13 और माँ और पिता जानना चाहते थे यदि वे बालक को कमरे में ला सके। और वे छोटे को वहाँ ले आये और पवित्र आत्मा ने उसके चंगा होने की घोषणा कर दी।

14 और इसलिये माता–पिता इसके लिये आदर युक्त होते हुये, उस बालक को घर ले गये और उसे विद्यालय भेज दिया।

15 बस उसे विद्यालय भेज दिया, डॉक्टर ने इस बात को पकड लिया इसलिये डॉक्टर बिल्कुल भी प्रसन्न नही था ऐसी बात से। इसलिये उसने मां को बताया, कि निसन्देह बालक को पंलग पर ही होना चाहिये। और उसने उसे सारी कहानी बताई। और मैं सोचता हूँ कि वह पुरुष एक विश्वासी है, एक नामधारी के द्वारा एक—एक सेवन्थ–डे–अॅडव्हेन्टिस्ट, डॉक्टर। और इसलिये उसने कहा, "भाई, आपको चाहिये... यह समय है कि मैं बालक की जांच करूं।" कहा, कि, "आपको चाहिये, कम से कम इसकी जांच करवा ले।"

वह बोली, "बहुत अच्छा।"

16 बालक को लिया और डॉक्टर ने उसकी जांच की, उसके खून की, जहाँ वह गठिया बुखार होता है। और इसलिये मैं समझता हूँ कि डॉक्टर इतना अचम्भित था कि उसे नही मालूम कि क्या करे। वह छोटा लडका इतना सही सामान्य था, बढिया और चंगा ना एक... ? ... भी पाया गया।

17 अब, क्या कोलिन्स यहाँ पर है? हो सकता है मैनै गलत बताया हो, मैं चाहता हूँ... क्या यह ठीक बात है, बहन कोलिन्स? जी हाँ। ठीक है। हाँ। ये छोटा मिकी कोलिन्स है, लगभग छः सात वर्ष का।

18 और यह लगभग तीन रात्रि पहले कमरे में हुआ। ओह, वे!... मनुष्य को छोड उस कमरे में किसी को होना चाहिये! यह महान सामर्थी यहोवा था, यह ठीक बात है, जो अपने वचन को सम्मान देने को आता है। और मैं इसे सुनकर बहुत ही आभारी हूँ। समझे? मैं जानता हूँ कि हम सब। केवल मैं ही नहीं परन्तु सारे, क्योंकि क्या हो यदि वह आपका छोटा लडका या मेरा छोटा लडका होता?

19 और याद रखे, मैं गवाही दे रहा हूँ, बस जैसे कि एक और एक यहाँ से और वहाँ से, यह सब जगह हो रहा है। परन्तु केवल आपके जानकारी के

लिये कि मेरी वास्तविक सेवकाई दिव्य चंगाई पर है। परन्तु आप... मैं यहाँ इन मोहरो के लिये हूँ। क्योंकि थोडी देर बाद, आप समझेगे, क्यों मुझे यह करना था और इसलिये, मैं शिक्षक नहीं हूँ, मैं धर्म विज्ञानी नही हूँ। मैं तो बस बीमारो के लिये प्रार्थना करता हूँ और मैं प्रभु से प्रेम करता हूँ। और अब, इस इसमें, कि...

20 बीती रात्रि हमने छोटी लडकी की गवाही दी... मेरे पास उसका नाम है। और बिली के पास अब यहाँ पर है, कही अभिभावको का और वे कौन है। और यह छोटी लडकी लहू के कैंसर के अन्तिम स्थिति में थी, बस लगभग... इतनी खराब कि वे उसे इस मुंह से नहीं खिला सक रहे थे; उसे होना ही था... नसों से उसे खून चढाया जा रहा था। और वह प्यारी छोटी सी चीज थी, वह अपनी आयू से छोटी थी लगभग इसी प्रकार की यह छोटी महिला यहाँ पर है, मैं सोचता हूँ परन्तु वह लगभग *इतनी* ऊँची थी बहुत ही... वे लगभग हमारे ही जैसे थे आप बालक के कपडो से बता सकते है कि... और माँ–बाप कि वे बहुत ही गरीब निर्धन थे, बस बहुत ही निर्धन और इस प्रकार, परन्तु वास्तव में श्रध्दा से भरे। और पवित्र आत्मा ने बालक की चंगाई घोषित कर दी।

21 अब जरा इसपर सोचे, लिक्यूमिया के साथ वह छोटी सी और लहू इतना खराब कि वे उसे मुंह से और नहीं खिला सकते थे इसे तो अस्पताल ही लेकर जाना था और खून लेना था या नसो के द्वारा चढावना, इसे खिलाना; मैं समझता हूँ ग्लूकोस या ये जो भी हो, मैं नहीं जानता कि चिकित्सा शब्दावली में इस बीमारी के लिये क्या है, परन्तु, जो भी है, इसे इसी प्रकार खिलाना था, इसके पहले बालक स्थान को छोडे हेमबर्गर के लिये रो रहा था।

22 और अभिभावक, यह सुनने के बाद कि पवित्र आत्मा ने यहोवा यों कहता है, देखिये वे... और वे, अपरिचित पहले कभी भी आसपास नहीं थे। परन्तु वे... एक पुराना... एक पुराना जोडा जिन्होने अभी अपने बैठने का स्थान कुछ मिनटो पहले पाया, भाई और बहन किड ने उन्हें निर्देश दिये कि क्या करना है और क्या सुनना है। और बालक अपने घर के मार्ग पर खाना खाता है।

23 विद्यालय में दो या तीन दिन के बाद और डॉक्टर के पास गये होंगे। और डॉक्टर इतना आश्चर्यचकित था! उसने कहा, "कि बालक में लिक्यूमिया

का एक लक्षण तक नहीं मिला।” समझे? अब यह तुस्त ही निशाने पर है, सर्वशक्तिमान परमेश्वर कि सामर्थ, कि लहू की धारा को लेकर शुध्द कर दिया ठीक इस प्रकार से और—और नये जीवन का संचार वहाँ वापस आ गया, क्योंकि आपका एक रक्त प्रवाह आपका जीवन है, मरणहार। और नई कोशिकाओ कि उत्पत्ती पुराने वालो को साफ कर दिया! और यह क्या है, यह पूर्ण रुप से... मैं यह कहूँगा यह सामर्थी परमेश्वर का सृष्टि वाला व्यवहार है; उस एक प्रवाह को लेना जो कैंसर से दूषित है जब तक की वह छोटा जन पीला और सूजा हुआ और कुछ ही क्षणो के अन्दर, एक बिलकुल नया एक रक्त संचार!

24 मैं विश्वास करता हूँ... मैं यह उसके नाम में नहीं बोलने जा रहा हूँ; मैं यह अपने नाम में बोलने जा रहा हूँ... अपने विश्वास के प्रकाशन में सबीनो केनयन में क्या हुआ उस दिन, मैं विश्वास करता हूँ घडी आ रही है जब कटे हाथ वापस आ जायेगे और सृष्टिकर्ता की महिमा वाली सामर्थ। मैं—मैं विश्वास करता हूँ, यदि मैं एक गिलहरी को प्रकट कर सकता हूँ, जिसका का कोई नही... यहाँ पुरुष या महिला को अपना खोया अंग मिला, और यह पूरा जानवर अपने आप में। वह परमेश्वर है। मैं—मैं उससे प्रेम करता हूँ।

25 ठीक है! अब, मैंने उन विषयो को आरम्भ कर दिया है और हम बातें करते जा रहे है। और लोग जो दीवार के साथ इस बडे हाल में खडे है और कमरे और आदि–आदि में, इसलिये मैं सीधा संदेश को लुंगा।

26 और मैं यह कहना चाहता हूँ, और मैं उसको धन्यवाद देना चाहता हूँ जो कि सर्वव्यापी है। और यह कि आज पांचवी मोहर के विषय एक भी बात नही जानता, ये उसी प्रकार भेद भरी विधी के साथ आया, इस प्रात:, दिन निकलने के लगभग एक घंटा पहले, जब मैं प्रार्थना में था। और आज...

27 मैं पिछले पांच या छ: दिनो से बैठा हूँ, एक छोटे से कमरे में, किसी से नहीं मिलता। बस बाहर जाकर अपना खाना खाता हूँ, मित्र के साथ यहाँ अपने मित्रों के संग और सही में आप जानते हैं कि वह मित्र कौन है यह भाई और बहन वुड है। जी हाँ। और—और आप जानते है और मैं वहाँ गया और—और उनके साथ रहा और हर कोई अच्छा था और वहाँ ऐसा कुछ नहीं था, बस साधारण...

28 मैं कोशिश कर रहा हूँ कि इन मोहरो के सन्देश के साथ बना रहूँ, यह महत्वपूर्ण है। मैं विश्वास करता हूँ कि ये—ये घडी इसका प्रकटीकरण का समय है इसके प्रकाशन का।

29 और अब मैं चाहता हूँ कि आप निश्चित हो जाये, जल्द ही, जितना जल्द आप हो सकते है अपनी अनजानी समझ को जो इन सात मोहरो की है, लिखे, यदि यह आपके पास है और इन्हे मंच पर रख दे, हो सकता है भाई नेविल या कोई यहाँ सन्दूक रख सकता है। [कोई कहता है, "बॉक्स यहाँ पर है।"—सम्पा।] ओह, यहाँ—यहाँ अब मैं उनहे देखता हूँ, यह अच्छा है, बल्की आज रात्रि ये होते, ताकि मैं, उन पर थोडा अध्ययन कर सकता था, रविवार प्रात: के लिये। अब इस समय नहीं, ठीक इस समय इसके लिये निवेदन ना करे यह कहने को, "क्या *यह* पवित्र आत्मा का प्रमाण है?" मैं—मैं इस विषय में जानना चाहता हूँ, जो कुछ इस विषय में सिखाया है, आप देखिये इसलिये हम इसे एक विषय में ले सकते है (कलीसियायी युगो के समान) सीधा–सीधा, देखिये, क्योंकि यही जिससे हम अब व्यवहार कर रहे है।

30 अब जैसा कि हम बीमारो के लिये प्रार्थना करने जा रहे थे, तब ये हो सकता है ले, एक—एक भिन्न प्रार्थना। और आप अभिषिक्त है और भिन्न प्रकार की चीज के लिये आये है, आप जानते है। और आप परमेश्वर को खोज रहे है, कि मालूम करे, "क्या आज रात्रि कोई वहाँ पर होगा, प्रभु?"

31 "जी हाँ, यह कोई पीले कपडे पहने है वहाँ सीधे हाथ पर कोने में बैठा है। और जब आप उसे बुलाते है। उसे *यह* कह कर बुलाये। और कहे *ऐसा–ऐसा* उसने किया है। और उसके पास *अमूक–अमूक* है।" और तब वहाँ जाकर आप ध्यान देते है, और वह वहाँ है। समझे? आप वही पर है, देखिये। यह भिन्न है। समझे?

32 और मैं इस प्रकार, प्रार्थना कर रहा हूँ, "प्रभु यीशु इस का क्या अनुवाद है? इसे मुझ पर प्रकट करे।" आमीन।

33 अब आईये, हम अपनी–अपनी तलवारे फिर से निकाल ले और वह वचन।

34 और मैं भाई नेविल के आत्मिक समर्थन की सरहना करता हूँ, और उसके भाईचारे के प्रेम को, यहाँ मेरे पीछे मेरे लिये प्रार्थना कर रहे है। और

आप सब लोग भी वहाँ पर है। और अब आज शुक्रवार रात्रि होने के नाते, हम लोग यत्न करेगे हम इसको इस प्रकार बनाते है... हम...

35 आप आप सम्भवत: सारी बातो को नही ले सकते आप... क्योंकि, आप ये ले सकते थे उन मोहरो में से एक को और टिकते इसे वचन में से होते हुये निकलते है। समझे? यह महीने महीने और महीने लेगा और आप फिर भी इसे नही पायेगे, क्योंकि मोहर अपने में सारे वचन को समेटे हुये है, उत्पत्ति से प्रकाशितवाक्य, इसकी एक मोहर।

36 इसलिये मैं क्या करने की कोशिश करता हूँ, इसके लिये मार्ग से ना हटते हुये, मैने वचन लिखे हुये है या—या छोटी टिप्पणियाँ यही कही और बचा रहूँ... और उसी एक चीज पर बना रहूँ, मुझे पीछे भी ध्यान रखना है क्योंकि मैं केवल... बोल रहा हूँ मैं मार्ग से होते हुये बोलता हूँ... मैं—मैं आशा करता हूँ यह सही प्रेरणा है। और तब जब मैं और जब मैनें देखने के लिये लिया... और मैं—मैं बोलना आरम्भ करता हूँ और मैं अपने में अनुभव करता हूँ कि मैं विषय से हट रहा हूँ, मैं पलटुगा, पीछे दूसरी ओर से देखुंगा, कि दूसरा वचन लेने का यत्न करूं, कि उस पर आ जाऊं, आप देखिये इसे, इसे एक ओर हल्का करने के लिये, बजाये इसके कि उस पर आगे बढने का यत्न करूं।

37 और इसलिये अब हम आज रात्रि अध्ययन करने जा रहे है परमेश्वर के अनुग्रह के द्वारा, उसकी सहायता के द्वारा, वह—वह पांचवी मोहर। और यह छोटी वाली है। यह दूसरो से थोडी लम्बी है, चार घुडसवार अब दो पदो में अलग और यह तीन पद इस एक में। अब पांचवी मोहर आरम्भ होती है, प्रकाशितवाक्य का छठवा अध्याय, 9 वां पद।

38 और अब यदि आप यहाँ एक अपरिचित है जिसने इन चार घुडसवारो को नहीं सुना है, भाई आप... देखिये कभी आप आप बस आते नही है और—और एक प्रकार से किसी चीज में जड जाते है और जब आप करते है तो आप लोगों से आशा करते है कि इसे समझे। इसलिये कोई छोटी सी चीज कुछ जो आप नही समझते ठीक है, इसे थोडा सा सहन कर ले या टेप ले ले और इसे सुन ले और—और मैं निश्चित हूँ आप को इससे आशीष मिलेगी, मेरे पास। मैं—मैं आशा करता हूँ कि आप—कि आप जो यह करते है।

39 अब, हर कोई नवे पद से अब ग्यारवे पद तक या ग्यारवे पद को मिला कर।

जब उसने पांचवी मोहर खोली, तो मैने वेदी के नीचे उन के प्राणो को देखा जो परमेश्वर के वचन के कारण और उस गवाही के कारण जो उन्होंने दी थी वध किये गये थे:

उन्होंने बडे शब्द से पुकार कर कहा, हे स्वामी, हे पवित्र और सत्य; तू कब तक न्याय ना करेगा? और पृथ्वी के रहने वालो से हमारे लहू का... बदला कब तक ना लेगा?

उन में से हर एक को श्वेत वस्त्र दिया गया और उन से कहा गया कि और थोडी देर तक विश्राम करो, जब तक कि तुम्हारे संगी दास और भाई जो तुम्हारे समान वध होने वाले है उनकी भी... गिनती पूरी न हो ले।

40 अब बल्कि यह भेद भरा है, और अब टेपो, और पुरोहित वर्ग और शिक्षको के कारण जो यहाँ पर उपस्थित बैठे है, अब यदि आपका विचार इससे भिन्न हो; मेरे भी थे। परन्तु मैं बस इसे प्रेरणा से ले रहा हूँ जिसने मेरा सारा दृष्टिकोन इसके लिये बदल दिया है। समझे?

41 और अब मुझे मालूम पडा, जैसे कि आप इस प्रकट हुये देखते है। यह ठीक पीछे से मिला हुआ है और उन कलीसियायी युगो को लाता है और वचनो को साथ मिलाता है और बांधता है। समझे? और यही कारण है कि मैं यह विश्वास करता हूँ कि यह परमेश्वर कि ओर से आता है। अब हम यह अनुभव करते है।

42 और कभी–कभी मैं यह सोचता हूँ कि हम उस पर निर्भर करते है कि किस महान शिक्षक ने क्या कहा है, इस विषय में। समझे? और यह ठीक बात है, मैं शिक्षको को दोषी नहीं ठहरा रहा हूँ, किसी भी प्रकार से नहीं। और मैं किसी को दोषी नहीं ठहराता, मैं पाप को दोषी ठहराता हूँ, अविश्वास; किसी को नहीं।

43 और कुछ लोगों ने कहा, "आप संस्था को दोषी ठहराते है।" नहीं, मैं नही ठहराता। मैं संस्था के तंत्र को दोषी ठहराता हूँ; ना कि लोगों को जो वहाँ पर है, उन लोगों का झुण्ड जो संस्था बनाते है, आपको मालूम है। परन्तु वह तंत्र जिसके द्वारा वे चलाये जाते है, यही जिसे मैं दोषी ठहराता हूँ, कैथोलिक और प्रोटेस्टेन्ट एक से ही है। ओह! मैं...

44 कुछ अच्छे मित्र जिनको मैं जानता हूँ, कैथोलिक है बस... ?... क्या आप अनुभव करते है... और हो सकता है मनुष्य आज रात्रि यहाँ बैठा हो, सम्भव है। केवल एक ही मार्ग था कि हमने यह आराधनालय बनाया क्योंकि एक रोमन कैथोलिक कोर्ट में अपने पैरो पर खडा हुआ और मेरे लिये आगे बढा और लडके, कोई ऐसा नहीं करेगा। यह ठीक बात है। और वे इसे निरन्तर नही कर सके। यह ठीक बात है।

और कहा, "उन्होंने चिन्हित किया, 'बहुत सारे लोगों को।'"

45 उसने कहा, "ओह उस कलीसिया में अस्सी और नही बनायेगा इस प्रकार से।" कहा, "वह आराधनालय वहाँ खडा है।" कहा, "मैं—मैं पास्टर को जानता हूँ, और सब इस प्रकार से।" और कहा, "वह आराधनालय वहाँ पर था।" कहा, "आप बाकी उसमें जोड सकते है, तो फिर वे क्यों नहीं सकते?" एक रोमन कैथोलिक मेरा एक अच्छा मित्र। समझे? जी हाँ, श्रीमान।

46 एक—एक लडका जो एक कैथोलिक है, मेरा एक शानदार मित्र मुझ से बातें कर रहा था। उसकी एक लोहे के औजारो की दुकान थी; इसके पहले मै छोडता। उसने कहा, "बिली, मैं—मैं जानता हूँ कि तुम हमारे धर्म के तंत्र में विश्वास नहीं करते हो।" उसने कहा, "परन्तु मैं आपको अभी बता रहा हूँ," बोला, "परमेश्वर ने तुम्हारी प्रार्थनाओ को हमारे लिये इतना सम्मानित किया! मैं विश्वास करता हूँ कि, यदि तुम राष्ट्र में कहीं भी संकट में फंस जाओ," बोला, "राष्ट्र का हर कैथोलिक आपके पास आयेगा।" आप देखिये ये...

47 उसने कहा, "हर एक पीठ पर क्रूस धारण करने वाला," उसने ऐसा कहा। मैं आपको वैसा ही बताने जा रहा हूँ जैसा उसने कहा, निसन्देह वे यह होने का दावा करते है क्योंकि आरम्भिक मसीही अपनी–अपनी पीठ पर क्रूस रखा करते थे। हम यह इतिहास के द्वारा जानते है और वे प्रारम्भिक मसीही होने का दावा करते है, जो कि वे थे, परन्तु उस तंत्र व्यवस्था ने उन्हें मार्ग से हटा दिया, आप देखिये।

48 और वे लोग, एक कैथालिक या यहूदी या ये जो कुछ भी है, वे लोग मनुष्य है उसी वृक्ष से आये है, जिससे हम आये है। समझे? यह ठीक बात है, वे—वे लोग है जो प्रेम करते और खाते–पीते और सोते। और ठीक वैसे ही जैसे और कोई हो इसलिये हमे किसी को व्यक्तिगत दोषी नहीं

ठहराना चाहिये, नही, कोई नहीं, देखिये परन्तु हमे किसी व्यक्ति को दोषी नही ठहराना चाहिये।

49 परन्तु, एक सेवक के समान, मुझे उस सर्प पर वहाँ प्रहार करना है, जो उन लोगों में होकर काट रहा है, आप देखिये। और मैं नहीं करता—और मैं यहाँ तक की नहीं... बस मैं और मैं स्वयं मैं ऐसा कभी नही करूँगा यदि मुझे परमेश्वर कि ओर से अधिकार नहीं होता कि इसे करने के लिये मैं कर्तव्य से बंधा हूँ, देखिये और मुझे इसे सचाई से और ईमानदारी से पकडे रहना है।

50 परन्तु यदि एक कैथोलिक, यहूदी वह जो भी था यहाँ आया; यदि वह मुसलमान, यूनानी या आर्थोडोक्स या वह जो भी हो सकता है, यदि वह यहाँ प्रार्थना करवाने के लिये आता है, तो मैं उसकी लिये उतनी ही ईमानदारी से प्रार्थना करूँगा जितना मैं अपने लोगों के लिये करूँगा। यह ठीक बात है। निश्चय ही। क्योकि वह एक मनुष्य है। और मैने बुद्धिस्टो के लिये, सिक्खो, जैनो, मुसलमानो के लिये प्रार्थनाये की, और आप देखिये हर प्रकार के इस तरह, और मैं उन से कोई प्रश्न नहीं पूछता हूँ, मैं बस उनके लिये प्रार्थना करता हूँ, क्योंकि वे कोई है, एक मनुष्य जो चंगा होना चाहता है और जीवन को थोडा सरल बनाना चाहता है, अपने लिये जीवन के चलते।

51 अब इसमें हम यह अनुभव करते है, और मैं जानता हूँ आप से बहुत से यहाँ पर है, यहाँ पर दो या तीन वास्तविक ज्ञानी बैठे हुये है। और—और वे बुद्धिमान और उन्होंने दूसरो की शिक्षाये पढी हुयी है इस विषय पर। और मैं चाहता कि ये भाई ये जान कर कि मैं—मैं इस लोगों को दोषी नहीं ठहरा रहा हूँ। मैं केवल वही प्रकट कर रहा हूँ जो प्रभु मुझे दिखाता है। और बस मेरे पास यही है।

52 और हम कभी–भी यह नहीं सोचना चाहते, क्योंकि कोई छोटी धोने मांजने वाली या या छोटा हल चलाने वाला, परमेश्वर से प्रकाशन नहीं पा सकता। क्योंकि आप देखिये, ये... परमेश्वर, वास्तव में वह अपने आप को सादगी में प्रकट करता है। यही उस रविवार को हमने लिया था, कि इसे आरम्भ करे, कि कैसे वह अपने आप को अपनी सादगी में प्रकट करता है। यही जो उसे महान बना देता है।

53 अब मुझे जरा... मुझे जरा इसकी एक मिनट के लिये समीक्षा करूं, परमेश्वर को क्या महान बनाता है, क्योंकि वह अपने आप को बहुत साधारण बनाता है यही उसको महान बनाता है। परमेश्वर महान है और अपने आप को ऐसे साधारण रुप में ले आ सकता है कि इस संसार का बुद्धिमान उसे नहीं ढूढ सकता वे उसे नही ढूंढ सकते, क्योंकि वह अपने आप को बहुत ही साधारण बना लेता है। अब ध्यान दे, और यह अपने आप में यीशु मसीह के प्रकाशन का भेद है। समझे? यह अपने आप में कि यह... वहाँ, परमेश्वर से कुछ भी महान नही हो सकता आप किसी चीज को इतना साधारण नही बना सकते जैसे वह अपने आप को बना लेता है, देखिये यही उसको महान बनाता है। समझे?

54 अब एक महान व्यक्ति वह थोडा बडा हो सकता है, या हो सकता है वह अपने आप को नीचा कर सकता है और कहे, "आप कैसे है? " आप से कहे देखिये या कुछ इस प्रकार से। परन्तु वह अपने आप को छोटा नहीं कर सकता, वहाँ उसके विषय में कुछ है, वह एक मनुष्य है। वह अपने आप को छोटा नहीं बना सकता, क्योंकि जब वह अपने आप को बहुत छोटा बनाता है, तब पहली बात आप जानते है, उसे किसी के संदर्भ को लेना पडता है, जो किसी ने किया और इस प्रकार। और फिर वह अपने आप को फिर से वापस खेचने लगता है, आप देखिये।

परन्तु ऊपर का मार्ग नीचे की ओर है, परमेश्वर में। जी हाँ।

55 संसार के बुद्धिमान अपनी बुद्धिमानी में उसे ढूंढने का यत्न कर रहे है। ऐसा करने में, वे उससे अलग हो जाते है, देखिये, संसार के बुद्धिमान यदि आप। किसी चीज की व्याख्या गणित या किसी चीज के द्वारा करने जा रहे है। स्मरण रखे, उसने यह बाईबल में रख रखा है... प्रकाशन में... नहीं मुझे क्षमा करे।

56 यशायाह 35 मैं विश्वास करता हूँ, यही है, यहाँ तक कि यह ऐसा है—यह इतना साधारण है कि यहाँ तक कि एक—एक एक अपराधी व्यक्ति इसे समझेगा। समझे? ओह, "यहाँ तक कि मूर्ख भी इसमे गलती नहीं करेगा।"

57 बुद्धिमान अपनी बुद्धि के द्वारा दूर से ही चूक जाते है उससे दूर जा रहे है, उसको अपनी बुद्धि से ढूंढने के यत्न करने के द्वारा। अब ये ना भूले। यह टेप हो जायेगा, देखिये। बुद्धिमान अपनी बुध्दी के द्वारा उसे ढूंढने के

यत्न में दूर चले जाते है, वे उससे चूक जाते है, देखिये। यदि वे पर्याप्त बडे हो सकते कि पर्याप्त साधारण हो जाये वे उसे पा सकते थे, यदि आप इतने बडे हो सके कि पर्याप्त साधारण हो जाये! समझे इसे? और आप जानते है ये—ये वास्तव में सत्य है।

58 मैं लोगों में गया, उनके दफ्तरो में गया और आदि–आदि वे वास्तव में मनुष्य थे, बडे, राजा, देखिये और अधिपति, राजा और अधिकांश वे बडे लोग है। तब मैं ऐसे स्थानों में गया हूँ जहाँ लोग कपडे बदलते है हो सकता है कुछ सेवक जो थोडी देर के लिये मुझ से विवाद करना चाहते थे और आप सोचेगे कि संसार उनके बिना चल नहीं सकेगा, देखिये। और वे अपने विचारो में घमण्डी हो गये, देखिये। परन्तु एक बडा व्यक्ति, एक बडा व्यक्ति बैठता है और आपको यह सोचने को तैयार करता है कि आप बडे मनुष्य है। समझे? देखिये, वह अपने आप को दीन कर सकता है।

59 और आप देखते है कि परमेश्वर इतना महान है यहाँ तक कि वह स्वयं को दीन कर सकता है, एक स्थान, कि मनुष्य जाति इतने नीचे नही जा सकता, आप देखिये। बस यही है। और उनके में...

60 और वे उसे ढूंढने का यत्न कर रहे है। अब देखिये, वे लड़के को विद्यालय भेजने का यत्न कर रहे है। अब देखो। वे उसे ढूंढने का यत्न कर रहे है और कला में स्नातक डिग्री और—और वे उसे बाइबल की धर्मविद्यालय की शब्दावली में ढूंढने का यत्न करते है। और वे उसे शिक्षा की योजनाओ में ढूंढने का यत्न करते है और संस्थाओ कि योजनाओ में और चीजो को सुन्दर बनाने के द्वारा ढूंढने का यत्न करते है। वह वहाँ पर नहीं है, वह वहाँ बिल्कुल नहीं है। आप बस हवा में मुक्के चला रहे है, बस। आप—आप उससे अलग होते जा रहे है।

61 वे इतने बडे हो सकते है कि पर्याप्त साधारण हो जाये, वे इस दिशा में ढूंढ सकते है साधारण होने के द्वारा। परन्तु जब तक आप बुद्धि की ओर बढ रहे है, आप उससे दूर जा रहे है।

62 अब मुझे यह लेने दे कि आप इसमें ना चूक जाये। जब तक आप बुद्धि के द्वारा परमेश्वर को ढूंढने का यत्न कर रहे है, जैसे यह अदन कि वाटिका में था, जैसे यह मूसा के दिनो में था, जैसा यह नूह के दिनो में था, जैसा यह मसीह के दिनो में रहा, यूहन्ना के दिनो में, प्रेरित के दिनो में और इस दिन में! जब आप इसे चिन्हित करने का यत्न करते है और परमेश्वर

को बुद्धि के द्वारा खोजते है तो आप सारे समय उससे दूर जाते है। आप इसे समझने का यत्न करते है। इसे करने को कोई मार्ग नहीं है, बस इसे स्वीकार कर ले। समझे? बस इसका विश्वास कर ले, इसे समझने का यत्न ना करे।

63 मैं इसे नही समझ सकता, क्यों, उतना अच्छा, बहुत सारी बातें, मैं बहुत सी बातें नही समझ सकता या समझ सकता हूँ, मैं नही समझ सकता कि ये युवा जो यहाँ बैठा है उसी खाने को खाता है, जो मैं खा सकता हूँ और—और इसके पूरे सिर पर बाल है और मेरे सिर पर कुछ नहीं मैं यह नहीं समझ पाता। वे मुझे बताते है केलशियम इसे बनाता है और मैं अपनी ऊँगलीयो के नाखून बहुत नहीं काट पाता और काटने के लिये बाल नहीं है। मैं यह नही समझता। जैसे की पुरानी कहावत है, मैं...

64 यह स्थिति को बदलने का तरीका नहीं, गम्भीरता; यह गम्भीरता है, परन्तु अभी मैनें मोहर को अभी नहीं लिया।

65 कैसे काली गाय हरा चारा खाती और सफेद दूध देती है, जिससे पीला मक्खन निकलता है! मैं—मैं निश्चय इसकी व्याख्या नही कर सकता, देखिये। क्योंकि आप देखते है कि प्रत्येक दूसरे का उत्पाद है। और यह कैसे होता है, मैं इसकी व्याख्या नहीं कर सकता।

66 मैं व्याख्या नहीं कर सकता कि कैसे दो लिलीयां खडी है, एक ही जाति की, एक लाल है दूसरी वाली पीली है, और भूरी और दूसरी नीली, मैं यह नही समझता। एक ही सूरज उन पर है। यह रंग कहाँ से आते है? समझे? मैं इसकी व्याख्या नहीं कर सकता, परन्तु फिर भी आपको इसे स्वीकार करना पडता है।

67 बस मेरी इच्छा है कि कोई धर्मविज्ञानी मुझे इसकी व्याख्या दे कि कैसे यह पृथ्वी अपनी कक्षा में स्थिर है। मैं चाहता हूँ कि आप विज्ञानिक शर्तो पर गेंद को हवा में घूमती हुयी फैके और वह एक ही स्थान में दूसरा चक्कर काटे। आप यह नही कर सकेगे। और फिर यह सिध्द समय में बंधी हुयी है, यहाँ तक कि यह सूर्य के ग्रहण को बता सकते है अब से बीस वर्ष बाद मिनट में, उनके पास वे समय नही या घडी या समय का कोई यन्त्र, कि वह इतना सिध्द हो। और फिर भी वह वहाँ स्थिर है। और फिर पीछे को झुकी है। क्या हो यदि यह थोडी सीधी हो? जी हाँ, आप बस अपने को मूर्ख बना लेते कि कोशिश करते, देखिये।

68 इसलिये आप देखिये, बुद्धि पाने का यत्न ना करे कि समझे। जो वह कहता है बस उसका विश्वास करे। और जितना अधिक आप सादगी में हो सकते है, तो आप उस स्थिति में है कि आप इसे पायेगे। अब मैं इसके लिये बहुत ही धन्यवादित हूँ कि वह है, और स्वयं को साधारण बनाया। अब हम छठवे अध्याय, नवे पद में पाते अब में इसे आरंभ करूं।

और जब उसने पांचवी मोहर खोली, तो मैने वेदी के नीचे उनके प्राणो को देखा, जो परमेश्वर के वचन के कारण और उस गवाही के कारण जो उन्होंने दी थी... वध किये गये थे:

69 ध्यान दे, यहाँ किसी दूसरे पशु का उल्लेख नही है या जीवित प्राणी का, इस पांचवी मोहर की उद्घोषणा। अब स्मरण रखे, यह चौथी मोहर पर था। यह पहली मोहर, दूसरी मोहर, तीसरी, और चौथी पर, परन्तु यहाँ कोई नही है। देखा?

70 अब यदि आप ध्यान दे, आईये पीछे से एक मोहर को पढे, आईये पीछे चौथी मोहर पर चले, देखिये। और यह सातवा पद।

और जब उसने चौथी मोहर खोली, तो मैने चौथे प्राणी का शब्द यह कहते सुना आ... देखा

... जब उसने... तीसरी मोहर खोली, तो मैने तीसरे प्राणी को यह कहते सुना, आ और देख

... दूसरे प्राणी को... आ... देख

... और पहले प्राणी को कहते सुना, आ और देख।

71 परन्तु जब हम पांचवी मोहर को लेते है, वहाँ कोई पशु नहीं है, अब बस ध्यान करे।

जब उसने पांचवी मोहर खोली, तो मैने वेदी के नीचे देखा...

72 तुरन्त ही! देखिये, वहाँ नहीं... वहाँ कोई पशु नही है। और पशु शक्ति को दर्शाता है हम यह जानते है देखिये। वहाँ कोई जीवित प्राणी नहीं है।

73 अब, उन में से एक प्राणी, अब कलीसियाओ के प्रकाशन के अध्ययन में हम पाते है, कि उसमें से एक के पास... एक सिंह था; और दूसरा वाला, दूसरा वाला बैल था और दूसरा वाला एक मनुष्य था और दूसरा वाला एक उकाब था। हम कलीसियायी युगो में पाते है कि वे चार पशुओ का अर्थ चार शक्तियाँ, जो प्रेरितो के कार्यो के चारो ओर एकत्र थी, जिस प्रकार

से मन्दिर जंगल में था। और आप इसे समझते है क्योंकि मैं इसमें जाने के लिये समय नहीं लुंगा हमने कैसे इसे इसमे से लिया और ठीक–ठीक दर्शाया! वे इसकी रक्षा कर रहे है, मेम्ना और वचन, वचन का पालन कर रहे है, जैसा कि उन्होंने किया वाचा का सन्दूक जंगल में पवित्र स्थान में, और आदि–आदि।

74 अब हमने यहाँ तक कि स्थिति अनुसार दर्शाया इस्राएल के गोंत्रो के रंगो के द्वारा और द्वारा... कितनो ने सुना है... सात—वे सात कलीसियायी काल? मैं समझता हूँ अधिकांश, आधे, आप में से दो तिहाही। ध्यान दे, कि यहाँ तक कि पशुओ का स्वभाव ठीक उनके गोत्र के चिन्ह के अनुसार जिस प्रकार से चार... बारह गोत्र तय थे चार प्रत्येक दिशा में या—या तीन गोत्र प्रत्येक दिशा में। और चार पशु बैठे और इन गोत्रो कि रक्षा की, उन चारो दिशाओ से।

75 और जब हम बढे और सुसमाचारो को लिया और बिल्कुल ठीक–ठीक दिखाया। जब आप वाचा के सन्दूक की ओर प्रवेश करते है वे वाचा के सन्दूक की रक्षा कर रहे है। और तब हम नई कलीसिया कि वाचा को पाते है, यह पृथ्वी पर दर्शाता है, पवित्र आत्मा था। लहू हमारे ऊपर वापस भेजा गया वह पवित्र आत्मा। और चार पशु पशुओ ने दर्शाया और जैसे इस्राएल के बारह गोत्र जैसे इसने रक्षा की और उनके स्वभाव और उन्ही स्वभावो को लिया और उन चारो सुसमाचारो के ऊपर प्रत्येक पर ला रहा है, सही–सही बिल्कुल ठीक वैसे ही था। एक ने सिंह से बात की और दूसरे ने बैल से और दूसरा... चार सुसमाचार! ये यहाँ पर है, चार सुसमाचार पवित्र आत्मा के रक्षक है। आमीन।

76 मैं सदा आश्चर्य करता रहा... यह मेरे साथ लगा रहा, मैं समझता हूँ कि लगभग छः वर्ष हो गये है, जब से मैने सुना है कि एक महान मनुष्य कहता है, जो कि था... “प्रेरितो के कार्य एक रुप रेखा थे।” मैने इसे बहुत बार सुना, परन्तु एक मनुष्य को उसकी प्रतिष्ठा के साथ सुनना, एक प्रचारक और एक शिक्षक के समान जिसने कुछ प्रसिध्द पुस्तके लिखी है, जिन्हे लोग हर जगह पढते है और यह कहते हुये कि प्रेरितो के कार्य वास्तव में कलीसिया में सिखाने के लिये उपयुक्त नहीं है!

77 जब की प्रेरितो के कार्य इसकी ही नेव है, ना कि रुपरेखा नेव। क्योंकि बाइबल कहती है कि “ये—ये परमेश्वर की नेव प्रेरितो की शिक्षा पर बनी

है,” ठीक है, “मसीह, सिर, वह कोने का पत्थर।”

78 और जब यह व्यक्ति वहाँ खडा हुआ और यह टिप्पणी की मैं—मैं—मैं—मैं बस… मेरा ह्दय बस बैठ गया। और मैने सोचा, “कोई आश्चर्य नहीं।” भाई, अब मैं मोहरो में देखता हूँ, यह प्रकट नहीं हुयी थी। बस यही समझे?

79 ताकि वे वहाँ पर खडे हुये थे परन्तु वहाँ कुछ था यह कह रहा था। अब ध्यान दे, वे रक्षा करते है।

80 अब जब हम मत्ती 28:19 को लेते है और इस बात को मत्ती में होते हुये देखते है, जिसने सिंह को दर्शाया है। और वहाँ आ रहा है, हमने वहाँ ठीक पाया क्यो उन्होंने यीशु मसीह के नाम में बपतिस्मा दिया। और वहाँ वह हर वचन के साथ खडा हुआ है कि बपतिस्मे के पवित्र विश्वास की रक्षा करे, यीशु मसीह के नाम की। ठीक है। अच्छा, अब मैं कलीसिया युगों पर जा रहा हूँ।

81 ध्यान दे। परन्तु यहाँ, जब हम पांचवी मोहर पर आते है, वहाँ वहाँ कोई घुडसवार नहीं जाता और घोषणा के लिये कोई पशु नहीं है, यूहन्ना केवल… मेम्ने ने इसे खोला और यूहन्ना ने इसे देखा। वहाँ कहने के लिये कोई पशु नहीं है, यूहन्ना केवल… मेम्ने ने इसे खोला और यूहन्ना ने इसे देखा, वहाँ कहने के लिये कोई नही है, “अब आ, देख आ देख।” ध्यान दे, जीवित प्राणी की कोई सामर्थ नहीं। या वहाँ पर…

82 और छठवी मोहर पर वहाँ घोषणा के लिये कोई पशु नहीं। और सातवी मोहर पर, वहाँ कोई पशु घोषणा के लिये नही है। घोषणा के लिये कोई शक्ति नहीं, देखिये, इसे कोई नहीं करता। इस पर… देखिये इस पर चौथी मोहर के बाद, वहाँ किसी भी पशु की सामर्थ के साथ कोई घोषणा नहीं है पांचवी, छठी या सातवी मोहर से, बिल्कुल नहीं।

83 अब ध्यान दे, मैं इसे प्रेम करता हूँ। जैसा की चार घुड सवरियो के समयो में, घुडसवार (एक वचन) चार विभिन्न घोडे, वहाँ एक पशु था जिसने सामर्थ की उद्घोषणा की। हर बार घुडसवार दूसरे घोडे पर सवार हो जाता है और सवारी करता हुआ आता एक दूसरे प्रकार का पशु आता और इसकी घोषणा करता “यह एक महान भेद है।” समझे? “यह एक भेद है।” क्यो? भेद की उद्घोषणा कर रहा है।

84 क्यो नही वहाँ एक इस पांचवी मोहर पर है कि इसकी घोषणा करे? यह यहाँ पर है, प्रकाशन के अनुसार जो प्रभु यीशु ने मुझे आज दिया, देखिये या इस भोर में। वह यह है, कलीसियायी युगों का भेद अब पहले ही समाप्त हो गया है, इस समय तक। मसीह विरोधी का भेद इस समय प्रकाशित हुआ है। मसीह विरोधी अपनी अन्तिम सवारी कर चुका और हम उसे उसके पीले घोडे पर पाते है, उसके बहुत से रंगो से मिला हुआ और विनाश के लिये सवारी करता है।

85 हम इसे तुरहियो पर लेते है और आदि–आदि, जब हम इसे सिखाते है, मैं अब इस पर जाऊंगा, परन्तु हम फिर विषय से हट जाते है।

86 और हम—हम जाते है... वह सवारी करता है यही कारण है कि वहाँ कोई नहीं है। अब, हमारे पास लिखित कारण नहीं, किसी चीज का कोई कारण है। अब आपको स्मरण है, पहले आरम्भ में, मैने कहा कि बिना कारण के कुछ भी नहीं है, उस छोटी स्याही की बूंद को याद रखे? समझे? अब आप को कारण मालूम करना है। वहाँ कोई कारण है कि वहाँ कोई पशु नहीं है या एक सामर्थ कि इसकी उद्घोषणा करे कि मोहर तोडी गयी है। और केवल परमेश्वर प्रकट कर सकता है, यही है, क्योंकि यह सब उसमे है।

87 परन्तु कारण कि वह इसे प्रकट करता है, जैसा कि मैं समझता हूँ कि यह, क्योंकि छुटकारे की पुस्तक का भेद, जहॉ तक मसीह विरोधी प्रकट हुआ है, और उसी समय में, कलीसिया चली गयी और ये बातें कलीसियायी युग में हुयी ही नहीं, बिल्कुल नहीं। यह ठीक बात है। वे—वे कलीसिया युग से अलग है, कलीसिया पूरी रीति से इस समय ऊपर उठने में चली गयी। कलीसिया ऊपर गयी, प्रकाशितवाक्य के चौथे अध्याय में और तब तक राजा के साथ वापस नहीं आती, 19 वे अध्याय में। परन्तु यह मोहरे यहाँ प्रकट हो रही है, क्या हो रहा है, क्या है और क्या होगा। समझे? और अब, कलीसिया काल के लिये क्या होना था, इन मोहरो के द्वारा प्रकट किया गया। और अब ध्यान दे कि क्या होता है।

88 घुडसवार की चारो स्थितियां प्रकट हो गयी है। मसीह विरोधी की चारो स्थितियाँ, घुडसवारी, की, इस समय प्रकट हो गयी है, इसलिये उनके पास और कुछ नहीं है।

89 और वहाँ परमेश्वर के चार जान दार प्राणी थे कि घुडसवार की घोषणा करे जैसे वे सवारी करते है, चार पशु चार शक्तियाँ है। अब हम जानते है *पशु*, बाइबल की शब्दावली के अनुवाद के द्वारा चिन्हो से अर्थ है, "शक्ति।" अब हम और पास आ जाये। बाइबल में चार पशु है, जो कि लोगों के बीच में शक्ति को दर्शाते है।

90 अब यदि हम जैसे दानिएल में पाते है, जब उसने विशेष राज्य को उठते देखा, यह हो सकता होगा, एक भालू, एक पसली, एक ओर, प्रतीक में। तब उसने दूसरी शक्ति को उठते देखा, एक बकरी। यह किसी चीज को दर्शाता हे, तब उसने एक और सामर्थ को उठते देखा और—और यह एक चीता बहुत से सिरो वाला, यह किसी विशेष राज्य को दर्शाता है। तब उसने एक और को उठते देखा एक बडा सिंह दांतो के साथ और—और बचे हुओ को रोंदता है, जो कि विभिन्न शक्तियों को दर्शाता है, कुल मिलाकर। एक नबुकदनजर का राज्य है; और दूसरा स्वप्न का प्रतीक। दानिएल ने एक दर्शन देखा; नबूकदनजर ने एक स्वप्न देखा। परन्तु दानिएल ने उसके स्वप्न का अर्थ बताया और उसके दर्शन के साथ सही था।

91 आमीन! व्हूई! ओह! [भाई ब्रन्हम एक बार ताली बजाते है।—सम्पा।] यदि आप बस जाने कि क्या हुआ! इसके पहले हम छोडे क्या हुआ? आप समझे? क्यों छः सीधे स्वप्न ठीक दर्शन के साथ आये। आमीन। समझे? एक स्वप्न का अनुवाद एक दर्शन है। क्योंकि एक व्यक्ति हो सकता है अपने उपविवेक के साथ टिकने के साथ नहीं जन्मा, वह जब यह देखता है वह जगा रहता है, तब परमेश्वर उसके उपविवेक को लेकर उससे बात करता है, जो कि वह इसकी प्रतिज्ञा स्वप्न में करता है, इन अन्त के दिनो में, वह लोगों से मिलेगा और दर्शनो में भी। समझे?

92 अब एक दर्शन जब आप पूरी रीति से जागे रहते है, इस प्रकार से खडे रहते है और निश्चत बातें प्रकट की गयी। और खडे होकर उन्हें ठीक–ठीक बताता है, देखिये क्या हुआ और क्या होने जा रहा है और आदि–आदि।

93 परन्तु अब एक स्वप्न जब आप सो हुये है और आपकी पांच इन्द्रियाँ, सुप्त है और आप—आप अपने उपविवेक में है, आप कही है, क्योंकि जब आप वापस आते है आप याद रखते है कि आप कहाँ थे, अपने सारे जीवन याद रखते है। समझे? इसलिये यह आपका उपविवेक है। तब इस प्रकार से, देखिये...

94 जैसे कोग्रेस मैन अपशौ कहा करते थे, “आप वह नहीं हो सकते जो आप है नही।” और यह ठीक बात है, देखिये।

95 और, तब यदि आप भविष्यद्वक्ता जन्मे है। अब आप देखिये यह करने को वे दोनो विवेको को एक साथ होना चाहिये; ना कि एक *यहाँ* पांच चेतनाओ के साथ और दूसरा *यहाँ* जब आप सोते है और पांच इन्द्रियां क्रियाशील नहीं है। परन्तु आप देखिये, जब वे दोनो आप एक साथ लेकर जन्मे तो आपको सोना नहीं है। बस एक से दूसरे में जाना इस प्रकार से आपको सोना नहीं है। वहां सोने के लिये जगह नहीं है। और आप अपने को उस प्रकार नहीं बना सकते।

96 इसलिये, “वरदान और बुलाहट परमेश्वर के पहले से ठहराये हुये है।” वे—वे परमेश्वर के वरदान और बुलाहट है, यहाँ तक कि “बिना प्रायश्चित के,” बाइबल ने कहा। समझे? वे पृथ्वी के बनने के पहले अभिषिक्त है। समझे?

97 अब, अब, हम यह पाते है कि... एक पशु दानिएल का इसका अर्थ है कि एक शक्ति लोगों के बीच में से उठ रही है। ठीक है। और—और यूहन्ना को दर्शन ने भी दर्शाया कि यह शक्तियाँ, राज्य उठ रहे थे जैसे संयुक्त राज्य प्रकाशितवाक्य 13 में प्रकट होता है, एक मेम्ने के समान। और तब यदि आप जानना चाहते है, अन्तर...

आप कहते है, “भाई यह, यह राष्ट्रिय शक्ति के विषय में बात कर रहा है।”

98 यह पवित्र सामर्थ को भी दर्शाता है। एक पशु, क्या आप यह जानते है?

99 ध्यान दे रिबका; जब—जब अब्राहम का दास ऐलीएजर... जब वह रिबका को लेने आया, वह,... उसने उसे ऊँट पर बैठाया, वही ऊँट जिसे उसने पानी पिलाया। वह उस ऊँट पर चढी अपने उस अनदेखे दुल्हे से मिलने के लिये। वही जिसे पानी पिलाया। उसी चीज ने उसे उसके भविष्य के घर पर और पति तक पहुँचाया।

100 और यही बात आज है, देखिये। वही चीज जिसे कलीसिया सीच रही है, वही वह बीज है, वचन का वह बीज। यह वही वचन जो जीवित हो गया और हमे हमारे ना दिखाई देने वाले दूल्हे के पास ले गया। समझे? समझे?

101 और देखिये कितना सिध्द। इसहाक ने घर छोडा और बाहर मैदान में था, घर से दूर, जब रिबका ने उसे देखा।

102 और कलीसिया मसीह से हवा में मिलती है और फिर, वह उसे घर में ले जाता है, जहाँ महल तैयार किये गये है। इसहाक ने रिबका को उसी प्रकार से लिया।

103 और ध्यान दे, यह पहली दृष्टि का प्रेम था। ओह, प्रभु! वह उससे मिलने के लिये दौडी।

104 और इसी प्रकार से कलीसिया मसीह से मिलेगी, हवा में और सदा उसके संग रहेगी।

105 अब बाइबल की शब्दावली, ये पशु सामर्थ है। ध्यान दे। अब मैं चाहता हूँ, मैं चाहता हूँ कि आप ध्यान दे।

106 शैतान के ये चार बदलने वाले रंगीन पशु है, जो आगे बढते है। उसके अपने चार पशु। और उनमें से वे तीन ने अपने रंग एक में डाल दिये, और उसे एक एक पीला घोडा बना दिया; सफेद घोडा, लाल घोडा, काला घोडा। और हमने उन मे से प्रत्येक को देखा कि वह उसकी सेवकाई की एक स्थिति थी उस आरम्भिक कलीसिया में, जो कि एक नामधारी में बदल गयी थी, नीसिया में। वह मूल पेंटीकोस्टल कलीसिया जिस पर की पवित्र आत्मा उण्डेला गया था, नीचे आते हुये मसीह विरोधी आत्मा को ले लिया और एक संस्था बना ली, और कुछ संस्थागत पुत्रियों को जन्म दिया। तीन बार अपनी शक्ति को बदल रहा है और उन्हें एक में डाल रहा है और एक पीला घोडा बना रहा है। और तब एक नाम दिया जो मृत्यु कहलाया और सवार होकर अनन्तता में ले गया, उतना ही स्पष्ट जितना हो सकता है। अब, अब ध्यान दे, उसे यह—यह घोडा दिया गया और वह इस पर सवारी कर रहा है।

परमेश्वर, परमेश्वर ने भी जैसे हर बार...

107 अब ध्यान दे, जब मसीह विरोधी पहली बार प्रकट हुआ तो वह किस में प्रकट हुआ? सफेद घोडा, देखिये, क्यो निष्कपट जितना वह हो सकता है, कलीसिया में बस एक शिक्षा। वे संगति चाहते थे। आपकी संगति मसीह के साथ है, परन्तु उन्होंने एक संगति चाही। वे बस स्थिर नही रह पाये, वे पाना चाहते थे...

108 भाई आप जानते है एक छोटे गुट के समान वे कलीसिया में उठेंगे, आप, आप यह जानते है, आप पास्टर लोग। समझे? वे, जैसा वे कहते है,

“एक से पंखो की चिडियाँ।” परन्तु, यदि हम नया जन्म पाये हुये है, भाईयो तो यह व्यवहार नही करना है। देखिये। नहीं। अब, हम—हम—हम...

109 यदि हम अपने भाईयो में कुछ गलत देखते है, तो बस हम प्रार्थना करे और इसे परमेश्वर के सामने रखे और उस मनुष्य से प्रेम रखे, जब तक कि हम उसे परमेश्वर की उपस्थिति में ना ले आये। समझे? यही विधी है, वास्तव में करने के लिये यही है।

110 आप जानते है यीशु ने कहा। “वहाँ पर खरपतवार होगी,” क्योंकि यीशु ने कहा वहाँ होगी, “परन्तु उन्हें उखाडो नहीं; आप उसके साथ गेहूँ उखाड दोगे, उन्हें बस छोड दो।” वह करेगा... जब समय आयेगा तो उसे अलग करने दो। समझे? इसे एक साथ ही बढने दो।

111 ध्यान दे, जैसे पशु बाहर आता है, मसीह विरोधी पशु पर चढकर आता है, उसकी शक्ति।

112 ओह, मुझे यह पसन्द है! मुझे अब धार्मिक अनुभूति होना आरम्भ हो गयी; इसी समय देखिये सम्भव है, उत्तेजना। ध्यान दे, जब मसीह विरोधी... ओह, वे प्रकाशन, उस आग के गोले की उपस्थिति में कमरे के अन्दर! जब तक... ओह भाई! यद्यपि मैंने उसे देखा, बचपन से, हर बार वह मेरे समीप आता है, मुझे चेताता है, वह मुझे लगभग अवचेतना अवस्था में डाल देता है। आप कभी भी उसके अभ्यस्त नही होंगे; आप नही हो सकते यह बहुत ही पवित्र है।

113 ध्यान दे, जैसे कि मसीह विरोधी आगे बढता है (चार में) अपने पशु की सेवकाई में, तो वहाँ परमेश्वर उसके मुकाबले में पशु भेजता है। समझे? अब ध्यान दे, तब हर बार (वह पशु सवारी करता है) अपने घोडे पर, मसीह विरोधी, अपने घोडे पर, अपने पशु पर, कि अपनी सेवकाई को घोषित करे; परमेश्वर भी अपना पशु भेजता है, और वह उस पर था कि अपने विरोध को इसके मुकाबले में घोषित करे।

114 अब, वचन कहता है, “जब शत्रु बाढ के समान आता है, तो पवित्र आत्मा उसके विरोध में अपना स्तर ऊँचा कर देता है।”

115 और इसलिये जब शत्रु मसीह विरोधी के समान आगे बढता है, परमेश्वर विशेष प्रकार की सामर्थ उसके मुकाबले पर भेजता है। और तब, जब वे...

116 वह फिर बाहर आता है, एक लाल घुडसवार के समान, दूसरा रंग, दूसरी शक्ति, दूसरी सेवकाई; परमेश्वर दूसरा वाला उसके पीछे भेजता है कि युध्द करे कि अपनी कलीसिया को थामे रहे।

117 तीसरा वाला भेजा; फिर, परमेश्वर ने अपना तीसरा पशु भेजा, आ और इसकी घोषणा कर।

118 उसने चौथा वाला भेजा; परमेश्वर ने अपना चौथा वाला भेजा। और फिर मसीह विरोधी का अन्त और कलीसियायी कालो का भी अन्त हो गया, उस समय। ध्यान दे। अब, ओह, यह वास्तव में अच्छा है!

119 अब, हम देखते है कि शैतान बदल रहा है, चार पशुओ का अर्थ, किस शक्ति में वे प्रकट किये गये थे... या वह किस सामर्थ में संसार पर प्रकट हुआ, और कैसे वे इस पीले में समाप्त हो गये, “मृत्यु” का घोडा।

120 अब आईये परमेश्वर की सामर्थो को देखते है, इन पशुओ की, उनका विरोध करे।

121 परमेश्वर का पहला पशु, कि वह मसीह विरोधी का सामना करने निकला, वह मसीह विरोधी आत्मा, जब वह केवल अपनी शिक्षा में था। अब स्मरण रखे, जब पहले मसीह विरोधी ने सवारी की, वह शिक्षा की सेवकाई में था। मसीह विरोधी ने पहली सवारी शिक्षा की सेवकाई में की अब ध्यान दे वह जो उसके मुकाबले पर निकला; सिंह, वह यूहदा के गोत्र का सिंह, जो कि वचन है। जब उसकी गलत शिक्षा आगे बढी, सच्चा वचन उसके मुकाबले पर निकला।

122 यही कारण है कि हमारे पास इरेनियस और पोलीकार्प थे और—और—और—और वे लोग, एक संत मार्टीन।

123 जब मसीह विरोधी अपनी झूठी शिक्षा के साथ सवारी कर रहा था, परमेश्वर ने अपनी शिक्षा भेजी, वचन, यहूदा के गोत्र का वह सिंह, जो कि वचन पवित्र आत्मा में प्रकट हुआ। और वहाँ पवित्र आत्मा स्वयं को प्रकट करता है, जो कि वचन है!

124 यही कारण है कि आरम्भिक कलीसिया में चंगाईयां थी और आश्चर्यकर्म और दर्शन और सामर्थ थे क्योंकि यह जीवित वचन था, यहूदा के गोत्र के सिंह के रुप में, उसके मुकाबले के लिये सवारी कर रहा था। आमीन! अब आप इसे समझे? वह मसीह विरोधी अपनी सामर्थ भेजता है; परमेश्वर

अपना वचन भेजता है, मसीह विरोधी, झूठी शिक्षा; सच्ची शिक्षा उसके साथ आगे बढी, कि इसका विरोध करे! अब यह पहला वाला था। अब यह पहली प्रेरिताई कलीसिया थी, जो उसका मुकाबला करने गयी।

125 अब दूसरा पशु जो मसीह विरोधी ने भेजा, वह लाल पशु था, जिसे की करना था... जिस पर उसने सवारी की (और) पृथ्वी पर से शांती उठानी थी, और—और युध्द।

126 अब दूसरा वाला जो उसके मुकाबले के लिये निकला, बैल पशु था। बैल का अर्थ एक मजदूर, एक बोझ उठाने वाला पशु।

127 और अब, यदि हम जरा एक मिनट के लिये रुक सके, मुझे होने दे, जी हाँ, मुझे होने पाये कि आप अब इसे निश्चित रुप से देखने पाये। अब, ये इस प्रकार कि यह आपके लिये थोडी दूविधा हो। परन्तु आईये यहाँ थुआथीरा को ले। ध्यान दे और देखे यदि यह क्या परिश्रम करनेवाली कलीसिया नहीं, आप देखिये।

> *थुआतीरा की कलीसिया के दूत को यह लिख: परमेश्वर का पुत्र जिसकी आंखे आग कि ज्वाला के समान और जिसके पांव उत्तम पीतल के समान है;*
>
> *मैं तेरे कामो को जानता हूँ,...*

128 देखिये अब सब कार्यो में हो गया, देखिये, क्योंकि यही है जो उसके साथ सवारी कर रहा है।

> *... तेरे प्रेम, और विश्वास और सेवा और धीरज को जानता हूँ* (देखिये यह सब है...) *और तेरे पिछले काम* (फिर से, दुबारा, “तेरे कामो”), *पहले से बढकर है।*

129 देखिये, ये थुआतीरा के युग को दर्शाता है; मसीह विरोधी के तय हो जाने के बाद और थुआतीरा युग में आता है, वह छोटी कलीसिया कुछ नहीं कर सकी, परन्तु बस—बस साधारण सा परिश्रम।

130 और दूसरी बात, बैल बलिदान का पशु भी है। समझे? वे अपने जीवन ऐसे ही मुफ्त में देते है जितना कि वे दे सकते है, अन्धकार के युगो में, एक हजार वर्ष वहाँ कैथोलिको ने संसार पर नियन्त्रण रखा... और वे सीधे आगे बढते चले गये हाँ या नहीं। उन्होंने मरने कि कोई चिन्ता नहीं की। यदि यह

मृत्यु थी, यह ठीक बात है। वे गये और मर गये, जो भी हो। क्यों? उस युग की वही आत्मा थी।

131 यही कारण था कि वे, यही कारण कि इरेनियस इसी कारण पोलीकार्प, यूहन्ना, पौलूस, वे महान सामर्थी लोग वहाँ पर, उस बात का मुकाबला करते है!

132 पौलूस ने यह देखा। उसने कहा, "मैं जानता हूँ मेरे चले जाने के बाद, वे भेडिये तुम्हारे बीच में घुस आयेंगे, भाईयो, बिगडी शिक्षा दे रहे है, और ये आपको भटका देगी।" उन कठोर साधारण बूढे, चेले को वहाँ खडा देखे, उनकी पीठ कोडो से भरी पडी है उसकी आँखों में पानी, परन्तु वह अपने आगे का देख सकता था... वह कार्यक्षेत्र उनके सामने चल रहा था, और वे सेकडो बीस करोड प्रकाश वर्षो ज्योति के क्षेत्र को देख सकते थे। वह सीधा अनन्तता में देख सकता था। वहाँ वह था। और उसने इसकी भविष्यवाणी की और कहा यही जो घटित होगा। और यह भी कहा, बढते हुये आने वाले युग में गया। अब ध्यान दे, वहाँ वह था।

133 उसके बाद बढते हुये, संत यूहन्ना सब से अधिक जीवित रहा। और जब संत यूहन्ना सारी पवित्र पत्रियों को जो पवित्र आत्मा से अभिषिक्त थी, लेने का यत्न कर रहा था और एक साथ जमा कर रहा था कि बाइबल बनाये, रोमी शासक ने उसे पकड लिया और उसे पतमुस टापू पर डाल दिया, वह पतमुस टापू पर परमेश्वर के वचन के कारण था। पोलीकार्प अनुवाद में उसकी सहायता कर रहा था।

134 उस दिन मैने वह पत्र पढा था, जो मरियम ने स्वयं पोलीकार्प को लिखा था। और उलाहना... उसे उलाहाना नही। परन्तु उसे आज्ञा दी एक बहादूर व्यक्ति होने के नाते जो कि सिखा सकता था और यीशु मसीह कि शिक्षा को स्वीकार करता है उसकी जो उससे परमेश्वर की ओर से जन्मा। मरियम की अपनी टिप्पणी, जो उसने पोलीकार्प को लिखी।

135 आप जानते है पोलीकार्प को सिंहो को खिला दिया गया। नही, वह जलाया गया था, उनके लिये इस बात के लिये देर हो गयी थी कि खेल के अखाडे में शेरो को छोडे, इसलिये उन्होंने एक स्नानगृह को तोडा, एक पुराना स्नानगृह और उसे अखाडे में लाये और—और उसे जला दिया।

136 और वह अपने मार्ग पर जाते हुये, वह अपना सिर झुकाये जा रहा था, रोमी सिपाही ने कहा, “आप एक बूढे व्यक्ति है और अच्छे सन्मानित, आप क्यो नही उस चीज को अस्वीकार कर देते है? ”

137 वह बस आसमान की ओर ताकता रहा। और कही से एक आवाज आयी, वे समझ नहीं सके कि कहाँ से, कहा, “पोलीकार्प मत डर मैं तेरे साथ हूँ।” ओह। क्यो? वह वचन के साथ खडा था।

138 और जब वे उस पर उसे जलाने के लिये तख्ते लगाने लगे, तो वहाँ स्वर्गीय संगीत नीचे उतर आया। और कहीं से स्वर्गदूतो द्वारा गीत गाया गया। उसने एक बार भी अपने उपहास उडाने वालो पर पलक नहीं झपकी।

139 वे बहादुर लोग थे, ये लोग जो खडे रह सकते थे, युगो से शहीद होते आये भयानक दुख: उठाते, परन्तु वे क्या थे, वे प्रेरणा में थे, परमेश्वर का आत्मा, सामर्थ। मैं...

140 इस कलीसिया को ना भूले। और आप भाई लोग जो टेप पर है, मैं चाहता हूँ कि आप लोग इसे जांचे। कैसे कोई भी मनुष्य कैसे कुछ कर सकता है बिना परमेश्वर के सामर्थ के जो उनके लिये दी गयी? मैं इस डिब्बे को यहाँ रखने जा रहा हूँ कि इसको दर्शाये यदि परमेश्वर उनके मध्य में विशेष आत्मा भेजे, केवल वही चीज है जिसके द्वारा वे कार्य कर सकते है, वह आत्मा जो उनके बीच में कार्य करता है। अब हम इसे आपको सिध्द करेगे, कलीसिया के इतिहास के द्वारा और मोहरो के खोलने के द्वारा और वह सामर्थ जो छोडी गयी; और सही प्रकार से देखे कि कलीसिया ने अभिषेक का उत्तर दिया है, वरना वे कुछ नहीं कर सकते थे।

141 अब पहला सिंह था जो गरजा, वह शुध्द बिना मिलावट का वचन।

142 दूसरा थुआतीरा में बैल था और यह एक—एक बोझ था... एक पशु का बोझ। मुझे क्षमा करे और यह बलिदान का भी पशु था। और क्या वह सही में निर्धन छोटी कलीसिया नहीं थी? रोम वहाँ बस चुका था उन हजारो वर्ष के अन्धेरे युग के लिये और कोई भी चीज जो रोमी कलीसिया को नहीं दर्शाती थी उसे तुरन्त मौत के घाट उतरना था। और उन्हें एक स्थान से दूसरे स्थान परिश्रम करना था।

143 आप राज मिस्त्रियो, मैं आपका ध्यानाकर्षित करूंगा आपको क्रूस का चिन्ह याद है? अब आप—आप जानते है कि मैं कि विषय में बात कर रहा हूँ।

144 अब ध्यान दे अब, यदि आप—यदि आप ध्यान दे, यह भार वाहन करना और बाइबल को सुरक्षित करना था। समझे? और उन्हें एक दूसरे में परिश्रम करना था आप उसी स्थान पर है, बैल और जब यह समय आया... हमने इसे बीती रात्रि पढा था। देखिये, जब चीजे आगे बढी और बलिदान आता है और उन्हें जाना ही था।

उसने कहा, "तू दाखरस और तेल की हानि ना करना।"

145 उन्होंने क्या किया? वे स्वेच्छा से आगे बढे और मर गये उन्होंने चिन्ता नहीं की, क्योंकि उन दिनो में कलिसिया की आत्मा बलिदान की थी, श्रम। और वे उतनी ही स्वतंत्रता से आगे बढे जितना वे जा सकते थे, उस युग के परमेश्वर के आत्मा से अभिषिक्त और वीरो के समान मर गये, एक बलिदान; हजारो–हजारो छ: करोड अस्सी लाख का उसमें से अभिलेख है।

146 बैल बलिदान! ओह प्रभु! क्या आप इसे समझते है? [सभा "आमीन" कहती है—सम्पा।] अच्छा ठीक है। अब बलिदान, ये केवल उस युग में परिश्रम कर सका कि विरोध का मुकाबला करे, उन हजार वर्षो के लिये।

147 अब तीसरा पशु जो शैतान के पास से निकला वह यह काला घोडा। समझे?

148 अब वह तीसरा पशु जो निकला, परमेश्वर की ओर से सामर्थ, कि उसका विरोध करे, उस काले घोडे की सामर्थ का मुकाबला करे; एक मनुष्य था, चालाक तेज परमेश्वर की बुद्धि के साथ। आप जानते है, एक मनुष्य किसी भी पशु से बुद्धिमान है। समझे? वह अधिक तेज है क्योंकि वह अधिकांश अपनी चालाकी से मात दे सकता है, वह चतुर, चालाक है। समझे? और वह...

149 वह युग, अंधकार के युग से, अब अंधकार के युग से आ रहा था; अब इस दूसरी ओर, जब यह काले घोडे कि सवारी, जब उन्होंने उन्होंने उनके बलिदान को बदला और सारी चीजे उन्होंने की। और केवल धन था... ओह, आप जानते है, यह कैसे था।

150 अब अगली चीज जो मुकाबले के लिये निकली, वह पशु एक मनुष्य के मुख के साथ था तेज, शिक्षित, चालाक, अच्छा उस दिन की आत्मा से अभिषिक्त। आप इस पर ध्यान दे? अब वह उसके मुकाबले को निकला परमेश्वर की चतुराई की बुद्धि के साथ। वह सुधार का युग था मार्टीन लूथर, जोन वैसली और आदि–आदि, देखिये, यह सुधार था। ज्यूग्ली और ओह!

जो कि सारे नोक्स, कॅलवीन और जो सारे देखिये आगे बढे, यह एक चतुराई थी। अब आप ध्यान दे, ठीक अंधेरे युग से, सुधार से, यह एक मार्ग, ध्यान दे यह मनुष्य की चालाकी थी।

151 यदि आप आपनी खिडकियाँ थोडी सी नीचे गिरा दे! मैं विश्वास करता हूँ लोगों को थोडी सी गर्मी लग रही है जी हाँ हो सकता है, वहाँ पर। यदि आप खिडकी थोडी सी नीचे कर दे! क्योंकि मैं जानता हूँ यदि मुझे यहाँ खडे हो कर प्रचार करते हुये, गर्मी लग रही है, मैं जानता हूँ, आपको तो वहाँ लगनी ही है।

152 भाई ध्यान दे, यह मनुष्य का चालकपना था। अब क्या आप समझते है?

153 वह तीसरा पशु जो शैतान ने भेजा, वह भी चालक हो गया। ध्यान दे, “दीनार का सेर भर गेहूँ, दीनार का तीन सेर जौ।” समझे? ओह, प्रभु! समझे? धन कमाने की योजना, चालाकपना संसार का सारा सोना ले लेना और धन अन्दर ले आना। यह जो ठीक–ठीक पूरा करना। यही जो आरम्भ किया, प्रार्थनाओ के लिये भुगतान लेना। और... एक स्थान बनाया जो अग्नि शोधक कहलाया और उनके पूर्वज को बाहर निकालने के लिये प्रार्थना की। और, ओह, आपको अपने कार्यो के लिये वसीहत करनी थी और हर चीज, आपकी संपत्ति। कलीसिया, और राज्य, एक ही चीज थे, और कलीसिया ने आपकी संपत्ति का अधिकार ले लिया।

154 और क्या आप इन कुछ सुसमाचार प्रचारको को नहीं देखते आज के दिन, उन के ऊपर अब भी वही अभिषेक है? बूढे लोग अपनी पेन्शन दे देते है और अपने घरो और निश्चत चीजो की वसियत कर देते है। क्यों, भाई मैं—मैं इसे नहीं लेना चाहता, देखिये। परन्तु अब मैं ठीक इसके साथ बना रहूँगा, मैं पीछे मुड कर देखता हूँ कि मैं कहाँ जा रहा हूँ। अब ध्यान दे, वे लोग यह उन पर निर्भर करता है, यह उन पर निर्भर करता है। यह—यह—यह इस बात का मुझ से काई लेना–देना नहीं है। मैं बस यहाँ इसके लिये उत्तरदायी हूँ।

155 अब ध्यान दे, पशु इसका मुकाबला करने को आता है, अब मनुष्य था। और हम सब यह जानते है कि यह पशु मनुष्य का, मनुष्य की यह शक्ति, उसकी चतुराई, पहचान गया कि वह, शुध्द खाने की वस्तू जो मार्टीन लूथर के हाथ में थी, जब वह उन सीढियो पर चढ रहा था...

156 उन्होंने कहा, "*यह* यीशु मसीह का लहू है, यह यीशु मसीह की देह है।"

157 और लूथर ने उसे फेक दिया, और कहा, "ये रोटी और दाखरस है, यह मसीह की देह नहीं है; क्योंकि यह ऊँचे पर चढाई गयी और परमेश्वर के दाहिने हाथ बैठी है, बिचवाई कर रही है।" देखिये बुद्धि; देखिये मनुष्य।

158 और जब जॉन वेसली आया, इसके बाद की ज्यूग्ली आ चुका था और केलविन।

159 और वे कलीसिया को एक स्थान पर ले आये, सुरक्षा पर, यहाँ तक कि उन्होंने और बेदारी नहीं चाही। "जो कुछ भी होने जा रहा है वह होता रहा है।" यही सब था। और कि वे किसी भी प्रकार का जीवन जीये। वह लूथरन कलीसिया इतनी मार्ग से हट गयी और एग्लीकन कलीसिया! ओह प्रभु! कि सारा राष्ट्र भ्रष्ट हो गया, जैसा कि यह अब है, कलीसियाये भटक गयी थी। जब राजा हेनरी आठवा और इंग्लैंड में आया और लहू से भरी मरियम के बाद और ये सारी चीजे घटित हुयी। और फिर, कलीसिया हिंसा और भ्रष्टचार से इतनी भरी हुयी थी। बहुत से मसीहत का दावा कर रहे थे और चार या पांच पत्नियो के साथ रह रहे थे या वे जो चाहते थे कर रहे थे, और चल रहा था, और गंदगी।

160 जॉन वेसली वचन का अध्ययन कर रहा था इसे देख रहा था, उसके ऊपर यह प्रकट हुआ कि यीशु मसीह का लहू विश्वासी को पवित्र करता है। और आप... नहीं चाहिये... तब उसने क्या किया? वह दूसरे सुधार में बाहर आया, उसने अपने दिन में संसार को बचाया, जैसा लूथर ने किया। समझे? यह क्या था? वह मनुष्य, पशु की सामर्थ बाहर आ रही थी।

161 मनुष्य को समझ की बुद्धि दे रही थी कि यह बात गलत है। "यह यीशु मसीह का लहू नहीं है। यह यीशु मसीह की देह नहीं है। यह देह को दर्शाता है।" समझे?

162 यह अब भी कैथोलिक और प्रोटेस्टेन्टो की बीच एक बडा विवाद है, यही केवल एक चीज है जिस पर आप इस समय एक स्थान पर नहीं आ सकते, हर चीज, वे एक साथ मिल सकते है, परन्तु ये; ये उन सभाओ में उन में थी। अब ध्यान दे। परन्तु यह, परन्तु वे—वे इस पर एक साथ नही हो सकते। [भाई ब्रान्हम पुलपीट को तीन बार खटखटाते है।—सम्पा।] समझे?

163 एक, “क्या लहू, और,” कहते है, “ये स्वभाविक लहू है; कि पुरोहित के पास अधिकार है कि इस रोटी को मसीह की स्वभाविक देह में बदल दे।” यही जो छोटा सा आराधनालय है कलीसिया में है, आप जानते है। यही कारण है कि वे निशान बनाते है, और किसी भी प्रकार का मूर्तिपूजक जैसे वे कहाँ पास से जाते है, आप जानते है और अपने को झुकाते है, और अपनी टोपीयाँ उतारते है, और आदि–आदि। यह उस इमारत को नहीं; यह उस खाने की चीज को जो उस अराधनालय में है। और ध्यान दे, कैसे शैतान ने इसे चालकी से खींचा!

164 परन्तु देखिये, उस समय, मनुष्य के ऊपर, परमेश्वर ने बुद्धिमानी की आत्मा मनुष्य पर रखी, कि यह समझे कि ये गलत है। अब यह तीसरे पशु के विरोध में जिसने कलीसिया को इतना भ्रष्ट कर दिया कि वह सवारी कर रहा था कि ये भयानक था। सुधारक, तब उन्होंने क्या किया, वे सुधारको के युग में? वे कलीसिया को पागन के मूर्तीपूजक धर्मक्रियाओ से वापस परमेश्वर के वचन पर लाये। समझे? यही जो पशु आगे बढा मनुष्य की यह चालाकी, सवार, कि यह करे।

165 अब, परन्तु, अब 3 रा पद पढे और... याने प्रकाशितवाक्य 3:2 जरा एक मिनट। अब मैने इस पर किसी कारण से निशान लगा रखा है, अब यह है, भीतर आता है, लूथरन का युग सुधारको के युग में, प्रकाशितवाक्य 3:2 का।

166 उन्होंने क्या किया वे संगठित हो गये। जैसे ही लूथर ने अपनी कलीसिया आरम्भ की, उन्होंने इसे संगठित कर लिया। ठीक है, यही चीज वेसली ने की, यही चीज पेंटीकोस्टल ने की, ठीक यही इसे संगठित किया। और वे क्या करते है? वे उसी ढंग को लेते है, जिससे वे बाहर निकल आये। समझे?

167 अब इस पर ध्यान दे, प्रकाशितवाक्य इस सारदीस कलीसिया के लिये बोल रहा है, “कलीसिया के दूत को,” निसन्देह यह पहला पद है। समझे? ठीक है।

> *जागृत हो, और उन वस्तुओ को जो बाकी रह गयी है और जो मिटने को है, उन्हें दृढ कर।*

168 ये है, “वह वचन जो तुझे सिखाया गया,” देखिये, “वे बातें जो बची है।”

... जो मिटने को है:...

169 तब वह ठीक आरम्भ करने के लिये तैयार है कि संस्था बनाये जैसे कि कैथोलिक कलीसिया, जिसमें से वह निकल कर आया। समझे?

... क्योंकि मैने तेरे किसी काम को अपने परमेश्वर के निकट पूरा नही पाया।

170 वहाँ आप जाते है। वहाँ पर... वहाँ वह जाता है, ठीक फिर से वापस। क्या आप नहीं देखते कि क्यों संस्था की व्यवस्था गलत है? इसे किसने शुरु किया? क्या परमेश्वर ने किया? क्या प्रेरितो ने किया? रोमन कैथोलिक ने यह किया, अब जरा कोई भी इतिहासकार भिन्न कहता है। यह वहाँ नहीं है। वे है, वे कहते है वे आरम्भ कि कलीसिया है और वे है, परन्तु उन्होंने चीजो को संस्थागत कर दिया और एक तंत्र मनुष्य के मस्तिष्क के साथ उसमें डाल दिया। और हमने एक मनुष्य को नही लिया जैसा उन्होंने किया, हम मनुष्यो की सारी सभा को लेते है, उन्हें एक साथ करते है और तब आप वास्तव में भ्रमित हो गये। ये ठीक बात है। कैसे एक सभा सकती है, जो भी है?

171 ये इस प्रकार, हम सोचते है प्रजातंत्र ठीक है। मैं भी यही विश्वास करता हूँ। परन्तु यह कभी भी सही काम नही करेगा, यह नही सकता, उन आवाराओ के झुण्ड के साथ यहाँ इसे चलाते है, कैसे आप इसे संसार में आप इसे ठीक करने जा रहे है? आप नहीं सकते। ध्यान दे, वास्तविक चीज एक धर्मी राजा था।

172 ध्यान दे पशु, तीसरा पशु अब एक मनुष्य की चतुराई थी। और उसने सुधारको का प्रतिनिधित्व किया जो आगे बढा।

173 मूर्ती से लेते हुये कहते है "*यह* रोटी है।" [भाई ब्रन्हम चार बार ताली बजाते है।—सम्पा।] "*यह* दाखरस है।" [भाई ब्रन्हम दो बार ताली बजाते है—सम्पा।] देखिये, मसीह विरोधी के पास अब भी मसीहत के प्रतीक के रुप में कुछ है। उसके पास होना ही है क्योंकि वह "विरोध" में है, आप देखिये। और तब यदि उसे किसी चीज के विरोध में होना है...

174 अब यदि वह आकर कहता है, "ओह, मैं एक बुध्दा हूँ।" तो भाई इससे कुछ नहीं है। वे सब करते है। यह बस एक मूर्तीपूजा है, आरम्भ से।

175 परन्तु मसीह विरोधी चालाक है। उसके पास सब प्रकार की चीजे है जो वहाँ मसीहत का प्रतिनिधित्व करती है। केवल इसे दूसरी ओर कर देती

है, कुछ जो मूल शिक्षा के विरोध में है। देखिये, यही इसे मसीह विरोधी बनाता है। समझे?

176 इसलिये, सुधारक जब पशु मनुष्य के रुप में होकर आगे बढता है, कि इसका मुकाबला करे!

177 अब क्लास इसे ना भूले! इसे ना भूले! [भाई ब्रन्हम पुलपीट पर चार बार टक करते है—सम्पा।] समझे? इसे याद रखे, अपने जीवन के सारे दिनो में! समझे? ये पशु सही है। यह यहोवा यों कहता है। समझे?

ध्यान दे मूर्तीपूजा लेकर आयी...

178 यह मनुष्य पशु परमेश्वर की सामर्थ के साथ आगे बढा, उस बुद्धि के साथ जो परमेश्वर ने उसे दी, और कलीसिया को मूर्तीपूजा से वापस परमेश्वर के पास ले आया। परन्तु, इस में...

179 हम इसी कलीसिया युग में पाते है, जब उन्होंने नामधारी होना आरम्भ किया उसी चीज को करते है, जो उन्होंने आरम्भ में किया, जो रोम ने किया, अब वह उस कलीसिया के लिये पुत्रियाँ बनाने जा रही है। और वह क्या कहती है?

180 कहा, "अब जो आप हैं... मैने तुझे सिध्द नहीं पाया। और तुझे मजबूत होना है, वह थोडी सी शक्ति जो तेरे पास बची है।" अब उसकी सुनिये उन्हें चेतावनी दी, प्रकाशितवाक्य 3:3 में, फिर से। आईये लेते है... ठीक है, मैं विश्वास करता हूँ मेरे पास है, बस कुछ मिनटो पहले।

इसलिये स्मरण कर कि तूने कैसी शिक्षा प्राप्त की और सुनी थी, और उसमें बना रह और मन फिरा।

181 बस; नही तो, "स्मरण रख कि तू ऐसी भ्रष्टता से बाहर आया।" समझे? और इधर देख।

यदि तू जागृत ना रहेगा तो मैं चोर के समान आ जाऊंगा (हूँ–हुन) *और तू... कदापी ना जान सकेगा कि मैं किस घडी तुझ पर आ पडूंगा।*

182 और नीचे, वह चिरागदान को हटाने जा रहा है, देखिये। इसलिये ये है, यह क्या है? कलीसिया का उजियाला।

183 और वह ठीक उसी संस्थागत तंत्र में चली गयी पागान के अंधकार में जिसमे से वह निकल कर आयी और आज वह वही पर है, उन निष्कपट

ह्दय लोगों के साथ, ये सोचते हुये कि यह्न सत्य है, बिल्कुल वैसे ही जैसे कैथोलिक है। और प्रोटेस्टेन्ट कैथोलिको पर हंसते है; जब यह छ: में से एक है और दूसरे आधा दर्जन, ठीक वचन के अनुसार। मनुष्य की बुद्धि!

184 अब ध्यान दे, ओह कैसे, मैं इसे प्रेम करता हूँ! उसकी सुनिये अब उन्हें चेतावनी देता है, अब अब हम... आप पूरी रीति से सहमत है आप में से प्रत्येक? अब यदि आप नहीं है, तो मुझे प्रश्न लिखे। कि वे पशु ठीक प्रत्येक युग में प्रमाणित हुये, जैसा कि बाइबल ने उन्हें कहाँ प्रमाणित किया ठीक वही जो उन्होंने वहाँ किया। इतिहास दिखाता है कि उन्होंने क्या किया, हम ठीक यहाँ देखते है, और देखते है उन्होंने क्या किया।

185 और यहाँ वे पशु, मैं—मैं—मैं इससे पहले कभी नहीं जानता था मैं बस बैठा हुआ था, मैं इसे चलते हुये देख सकता था, ठीक वैसे ही जैसे आप मुझे देख रहे हैं। समझे? और इसे ठीक होना चाहिये क्योंकि यह बाइबल के साथ सही है। इसलिये आप कैसे कुछ करने जा रहे है, सिवाये इसके कि कहें यह ठीक है? ध्यान दे।

186 अब चौथा पशु जिसे मसीह विरोधी का मुकाबला करने के लिये भेजा गया, इस अन्तिम पशु में। क्या आप तैयार है? [सभा कहती है "आमीन"—सम्पा।] वह अन्तिम पशु जो भेजा गया या अन्तिम सामर्थ जो मसीह विरोधी के मुकाबले के लिये जो परमेश्वर की शिक्षा के विरोध में थी, मसीह विरोधी, एक उकाब था। समझे? चौथा जीवित पशु एक उकाब था। अब, आप बस युगो का अध्ययन करे, वचनों का अध्ययन करे, क्या उकाब! और बाइबल में, अन्तिम युग उकाब युग है। और परमेश्वर उकाब को अपने भविष्यद्वक्ताओं के समान दर्शाता है। समझे? ये... अब ध्यान दे, अन्तिम युग, उकाब का युग, एक सच्चे वचन को एक—एक प्रकट करने वाला। समझे?

187 इसके पहले कि परमेश्वर कार्यवाही पर आये जैसा उसने नूह के दिनो में किया, उसने एक उकाब को भेजा, जब वह इस्राएल को लाया और फिरौन की फौज जाने के लिये तैयार थी, उसने एक उकाब को भेजा। हर बार वह अन्त में एक उकाब को भेजता है, इसके अन्त में।

188 और यहाँ वह फिर से उकाब को भेजता है। यह ठीक वचन के साथ है, इसलिये आप कैसे उसे कुछ बना सकते है? एक उकाब को भेजता है, (क्यो?) सच्चाई के प्रकट करने वाले को जो सारे युग में गिरती रही।

189 इसलिये कैसे इस संसार में बैल हो सका या—या एक मनुष्य या जो भी पशु सवारी कर रहा था, कैसे यह कभी प्रकट किया जा सकता था जब तक की उकाब ना आये? उनका अपना स्थान था वे धर्मी थे, पशु भेजे, वैसे ही जैसे कोई भी था।

190 वह सिंह जो की मूल था। यही जहाँ मसीह विरोधी मुकाबले के लिये आया।

191 तब उसने दूसरी सामर्थ को उठाया; उसने इसके मुकाबले के लिये सामर्थ को भेजा।

192 तब उसने दूसरी सामर्थ को उठाया, उसने दूसरी सामर्थ इससे मिलने के लिये भेजा।

193 और तब अन्तिम सामर्थ, वह उकाब को लेकर आया कि, "बालको को वापस मूल विश्वास पर फिर से वापस लाये उनके अपने पूर्वजो के।" उकाब युग! तब आप ध्यान दे, फिर और कोई पशु नहीं। बस कुल यही। यही अन्त है। अब यदि अब आप प्रकाशितवाक्य 10:1–7 को लेगे, मैं इसका उल्लेख कर रहा था, स्मरण रखिये अन्तिम सन्देशवाहक का युग, देखिये क्या होना था? "परमेश्वर के सारे भेद प्रकट हो जायेगे।" उकाब! आमीन!।

194 अब आप देखते है चार पशु जिन्होने सवारी की। यह पूर्णरुप से सही था। क्या आप यह विश्वास करते है? [सभा "आमीन" कहती है।—सम्पा।] और अब यहाँ हर युग है या प्रत्येक सामर्थ जिसने इसके पीछे से सवारी की। और वहाँ वचन है जो दर्शाता है कि शत्रु के सवार ने क्या किया। यही इन मोहरो में प्रकट किया जा रहा था। और अब यह भी प्रकट किया गया था, कि हर पशु, वह सामर्थ जो परमेश्वर ने भेजी कि इसका मुकाबला करे, बिल्कुल सही बिन्दू पर चोट करता है, उकाब के समय तक। अब यदि यह अन्त समय है तो वहाँ एक उकाब आयेगा ठीक इस पर। अब स्मरण रखे।

195 अब इन दिनो में जब सिंह आता है, वह मूल वचन उन में से एक बटा सौ ने सिंह को सुना।

196 उन दिनो में जब बैल आया, बिल्कुल थोडे से बूंद भर लोगों ने बैल का सन्देश सुना।

197 उन दिनो जब वह—वह मनुष्य आया, उसने मनुष्यो के बीच कार्य किया, आप देखिये कि वह चतुर था। उसने एक छोटा झुण्ड बाहर कर लिया।

198 और उन्होंने क्या किया? शैतान ने यह देखा, इसलिये उसने उन्हें सीधा वापस किया और उनका उसमे विवाह कर दिया।

199 और स्मरण रखे, जब अन्त में उकाब आता है तो यह एक प्रतिशत का एक बटा सौ भाग जो इसे सुनेगा। यह उकाब युग है। स्मरण रखे, यह कुल मिलाकर दूसरे सवार है... और तब यहाँ तक कि यीशु ने भविष्यवाणी करी, "यदि वह अपना आगमन जल्द नहीं करता, तो फिर उठा लिये जाने के लिये कोई भी व्यक्ति नहीं बचता"... ? ... क्या यह वचन है? [सभा "आमीन" कहती है।—सम्पा।] आप देखिये कि हम कहाँ पर है भाई और बहन क्या आप नहीं देखते? ["आमीन।"] देखिये हम कहाँ पर है?

200 परमेश्वर मैं बहुत ही आनन्दित हूँ, मैं—मैं—मैं नही जानता कि क्या करूं! यह मैं नही जो यहाँ पर खडा हूँ कि कि बात करूं, मैं भी यहाँ हूँ, मैं—मैं आप लोगों के बीच में हूँ। देखिये, मैं, यह मैं हूँ, मेरा परिवार है और मेरे भाई और बहन जिनसे मैं प्रेम करता हूँ। और स्वर्ग का परमेश्वर इतना दयालू कि नीचे उतर आया और—और चीजो को प्रकट किया, अपने आप, दर्शनो के द्वारा, जो कि तीस वर्षो से प्रमाणित है कि यह सत्य है, हम यहाँ है, हम... हम पहुँच चुके है। बस यही है। वैज्ञानिक खोज ने यह सिध्द कर दिया है, वचन के प्रमाण ने इसे सिध्द कर दिया है। और हम यहाँ है! और यह प्रकाशन परमेश्वर की ओर से आया है, और यह सत्य है!

201 क्या आपने किसी चीज को पकडा? [सभा "आमीन" कहती है।—सम्पा।] मुझे आश्चर्य हुआ यदि आप थे। समझे? जी हाँ श्रीमान। तो मैं आपको रविवार को नहीं बता सकता था। ध्यान दे। ध्यान दे। शानदार! अब, अब, अब ध्यान दे।

202 और तब उस समय के अनुसार जो परमेश्वर डूबने वाले संसार को देने को था, उसने उकाब को भेजा।

और वह समय जब वह इस्राएल को छुडानेवाला था, उसने उकाब को भेजा।

203 क्या आप विश्वास करते है, कि समय यहाँ तक की यूहन्ना पितमुस टापू पर था कि यह सन्देश इतना सिध्द था कि वह स्वर्गदूत के साथ

इसका विश्वास नहीं कर सका? आप जानते है, एक दूत एक सन्देशवाहक है। परन्तु क्या आप जानते है कि सन्देशवाहक एक भविष्यद्वक्ता था? आप इसका विश्वास करते है? [सभा "आमीन" कहती है।—सम्पा।] आईये इसे सिध्द करे। प्रकाशितवाक्य 22 आईये देखे यदि यह एक उकाब था। जी, हाँ। देखिये, यह एक था... निश्चय ही वह एक दूत था, वह एक सन्देशवाहक है, परन्तु वह एक भविष्यद्वक्ता था जिसने यह प्रकाशितवाक्य कि सारी पुस्तक उस पर प्रकट कर दी।

204 प्रकाशितवाक्य 22 वां अध्याय और 19 वां पद, मैं विश्वास करता हूँ कि यह सही है, यदि मैने इसे यहाँ लिख रखा है... 22:19 हो सकता है, मैं गलत हूँ। नहीं। [कोई कहता है, "यह 22:9 हो सकता है।"—सम्पा।] 22:9 यही जो है, मैं 22:9 को देख रहा था। यह ठीक है। ओह, हाँ यह है।

> *पर उसने मुझ से कहा, देख ऐसा मत कर; क्योंकि मैं तेरा और तेरे भाई भविष्यद्वक्ताओ और इस पुस्तक की बातों के माननेवालो का संगी दास हूँ...*

205 देखिये यहाँ यूहन्ना ने क्या देखा।

> *... मैं वही यूहन्ना हूँ जो ये बातें सुनता और देखता था।*

206 अब वह बंद कर रहा है, यह अन्तिम अध्याय है।

> *... जब मैने सुना और देखा, तो जो दूत मुझे यह बातें दिखाता था मैं उसके पांव पर दण्डवत करने के लिये गिर पडा।*

207 और "वह" तब "वह दूत," देखिये।

> *तब उसने मुझ से कहा, देख ऐसा मत कर:...*

208 कोई भी सच्चा भविष्यद्वक्ता दण्डवत नही करेगा या संदेशवाहक किसी भी प्रकार, देखिये। यह केवल परमेश्वर के लिये है।

> *पर उसने मुझ से कहा, देख ऐसा मत कर: क्योंकि मैं तेरा और तेरे भाई भविष्यद्वक्ताओ और इस पुस्तक की बातो के मानने वालो का संगी दास हूँ: परमेश्वर को ही दण्डवत कर।*

209 समझे? अब पुस्तक इतनी महत्वपूर्ण है कि यह परमेश्वर का वचन है। अब ध्यान दे। और जब परमेश्वर का वचन सामने लाया गया, तो इसे

भविष्यद्वक्ता के द्वारा ही सामने लाया जाना है, क्योंकि यही वह जिसके पास परमेश्वर का वचन आता है।

210 इस पर मैं एक प्रश्न की आशा कर रहा था, यहाँ इस बाक्स में, मैने सोचा, मैं इसे यही थोडा सा निपटा दू, आप जानते है। मैंने जरा अनुभव किया कि उसमे एक इस प्रकार का है। बस यही है। मैने—मैने जरा सोचा, मैं इसे लुंगा आप देखिये। समझे?

211 परमेश्वर का हर वचन लाया गया। बाइबल तरीके को नही बदलती बिल्कुल नहीं, देखिये। यह वही चीज है। ये इसी भविष्यद्वक्ता के पास ही आना है जिसके पहुँचने की हम आशा कर रहे है, प्रकाशितवाक्य 10:1–7।

212 अब आईये 9 वें पद को हम फिर से पढे। अब हम लेते है... हम... अब इसके पहले की हम इस पद पर जाये, मैं आप लोगों से कुछ पूछना चाहता हूँ।

213 क्या आप सही सिध्द देखते है, इसके पहले कि हम इन मोहरो को छोडे? अब याद रखे, उकाब के बाद फिर कोई और सामर्थ नही आती है, देखिये, और नहीं। हर बार मसीह विरोधी कुछ भेजता है। परमेश्वर एक सामर्थ भेजता है। मसीह विरोधी दूसरी सामर्थ भेजता है; परमेश्वर उसका मुकाबला करने को कुछ भेजता है, तब वह दूसरी सामर्थ भेजता है, परमेश्वर इसके मुकाबले के लिये दूसरी सामर्थ भेजता है। समझे? और तब जब यह उकाब पर आता है, जो कि उसका वचन है, ऐसा लगता है कि यह अपने पहले वाले स्थान पर है।

214 अब ध्यान दे, कि भविष्यद्वक्ता नहीं कि जिसके आने की हम प्रतिक्षा कर रहे है, कोई मनुष्य जो ऐलिय्याह के आत्मा के समान अभिषिक्त है? निसन्देह यह ऐलिय्याह नही होगा, परन्तु यह मनुष्य उसके समान होगा, आयेगा। और उसकी सेवकाई जो भेजी गयी, कि इन गिरे हुये लोगों को वापस लाये, इस नामधारी के भटकावों से, वापस पूर्वजो के मूल विश्वास पर। अब यदि यह बाइबल को एक साथ नही मिलाता, मैं—मैं नही जानता कि क्या करता है। मैं—मैं—मै इस विषय में और अधिक नही कह सकता, क्योंकि ये यही है, आप बस पहुंचते है, यह सत्य है, आप वहाँ से कुछ लेते है, आप इसे घुमाते है। समझे? इसलिये ये, इसे उसी प्रकार से होना चाहिये।

215 अब ध्यान दे, अब नवे पद में "प्राण जो वेदी के नीचे है।" अब यही जहाँ उन असहमतियो को लेने जा रहा हूँ, परन्तु बस, एक मिनट के लिये ध्यान दे। और जरा... समझे? मैने भी यही सोचा, परन्तु यह उस प्रकार से नहीं आया। हमारे पास... मैने सदा से यही सोचा कि वे प्राण जो वेदी के नीचे है, ये आरम्भिक कलीसिया के है। और मैं निश्चत हूँ कि डॉ. उरिया स्मिथ और हर कोई उनमें, कहता है यही है। समझे? परन्तु मैने अपने आप में सोचा। परन्तु जब पवित्र आत्मा ने इसका दर्शन दिखाया, ये नही था; ये वे प्राण नहीं है।

अब, अब आप कहते है, "अच्छा, अब, मैं इसके विषय में नही जानता।"

216 अच्छा अब एक मिनट, हम ढूंढेगे। देखिये। ये प्राण उस दुल्हन कलीसिया के प्राण नहीं है, बिल्कुल नहीं। हमने सोचा ये दुल्हन कलीसिया वहाँ वेदी के नीचे प्रतीक्षा कर रही है, आप देखिये चिल्ला रही है, "कितनी देर और प्रभु कितनी देर और? " अब मैं इसे फिर से पढ दू, ताकि हम इसे सही ले सके।

जब उसने पांचवी मोहर खोली, तो मैने वेदी के नीचे उनके प्राणो को देखा जो परमेश्वर के वचन के कारण और उस गवाही के कारण जो उन्होंने दी थी वध किये गये थे।

217 देखिये, "परमेश्वर का वचन और गवाही जो उनकी है।" अब वहाँ से ना हिले। बस एक मिनट, देखिये।

उन्होंने बडे शब्द से पुकार कर कहा... हे स्वामी... हे पवित्र और सत्य; तू कब तक न्याय ना करेगा? (देखा?) *और पृथ्वी के रहने वालो से... हमारे लहू का बदला कब तक ना लेगा?*

और उन में से हर एक को श्वेत वस्त्र दिया गया और उन से कहा गया कि और थोडी देर तक विश्राम करो, जब तक कि तुम्हारे संगीदास और... भाई जो तुम्हारे समान वध होनेवाले है उनकी भी गिनती पूरी ना हो ले।

218 अब, क्योंकि वे इस समय, यदि आप ध्यान दे, यह पांचवी मोहर खोल दी गयी, देखिये कलीसिया जा चुकी है। ये वे प्राण प्रारम्भिक कलीसिया के आधीन नही हो सकते।

219 अब, अब, कृपया यदि आपने कभी इस बात पर ध्यान दिया हो, क्योंकि यह एक महान मतभेद है, इसलिये मैं चाहता हूं कि आप ध्यान से सुने। और आपके पास अपने कागज है, और लिखने के लिये साम्रगी। अब मैं चाहता हूँ कि आप ध्यान दे।

220 अब, ये वे प्राण नही हो सकते, क्योंकि धर्मियो के प्राण शहीद हुये और धर्मी लोग, कलीसिया, दुल्हन उठा ली गयी है, इसलिये वे वेदी के नीचे नही होंगे। वे महिमा में होंगे दुल्हन के साथ। अब ध्यान दे। क्योंकि, वे रेपचर में चले गये है, प्रकाशितवाक्य के चौथे अध्याय में। वे उठा लिये गये।

221 अब, तो फिर वे प्राण कौन है? यह अगली बात है, वे कौन है फिर, यदि वे आरम्भिक कलीसिया नही है? यह इस्राएल है जिसे राष्ट्र के समान बचाया जाना है, वे सारे के सारे पहले से ठहराये हुये है। यह इस्राएल है। ये इस्राएल है, स्वयं।

222 आप कहते है, “ओह, एक मिनट रुकिये।” आप कहते है, “वे नही हो सकते।” ओह, हाँ, वे बचाये जाने है।

223 यहाँ, हम इसे तय करे एक मिनट, मेरे पास चार या पांच पवित्र लेख है, मैं एक लुंगा। एक मिनट के लिये, हम रोमियो को ले और ढूंढे यदि वे हैं। आईये रोमियो की पुस्तक ले और 11 वे अध्याय पर चले और हम पायेंगे, थोडा... आईये हम इसे पढे और फिर हम इसे स्वयम् ही लेगे, रोमियो 11 वां अध्याय 25 वां और 26 वां पद। अब यहाँ पौलूस की सुने।

224 और पौलूस ने कहा, “यदि कोई भी यहाँ तक की स्वर्गदूत भी कोई और सुसमाचार प्रचार करे।” (क्या?) “उसे श्रापित होना था।” ध्यान दे।

> *हे भाईयो कही ऐसा ना हो कि तुम अपने आपको बुद्धिमान समझ लो; इसलिये मैं नहीं चाहता कि तुम इस भेद से अनजान रहो* (हूंन!) *कि जब तक अन्यजाति पूरी रीति से प्रवेश ना कर ले* (आप यही है); *तब तक इस्त्राइल का एक भाग ऐसे ही कठोर रहेगा।*

225 अन्तिम अन्यजाति की दुल्हन को अन्दर लाना है, दुल्हन के लिये इस्त्राएल पर अंधापन इसी उद्देश्य के लिये आया है।

> *और इस रीति से सारा इस्त्राएल उध्दार पायेगा जैसा लिखा है, छुडाने वाला सिय्योन से आयेगा और अभक्ति को याकूब से दूर करेगा:*

226 ठीक! अब वे इस्त्राएली है, जो इस वेदी के नीचे है ध्यान दे इस्त्राएल विशेष उद्देश्य के लिये अन्धे किये गये कि हम बचाये जाये। आप इसका विश्वास करते है? [सभा “आमीन” कहती है।—सम्पा।] अब किसने इन्हे अन्धा किया? परमेश्वर ने। परमेश्वर ने अपने बालको को अंधा कर दिया।

227 कोई आश्चर्य नहीं यीशु वहाँ क्रूस पर खडा और वे यहूदी उसके लहू के लिये चिल्ला रहे है! वे उसके अपने बालक। और वह वचन था। वह स्वयं में वचन था। और यहाँ, वह यह जान रहा था कि वे लोग उसे आनन्द के साथ स्वीकार लेंगे! और इसी कारण उसने उन्हें अन्धा कर दिया, इसलिये वे उसे नहीं पहचानेगे। वह इतने नम्र मार्ग से आता है और इसके लिये अन्धा कर देता है कि वे उसे स्वीकार नहीं करेगे। समझे? वचन ने कहा वे ये करेंगे और उसने अंधा कर दिया, अंधाकर दिया था! यीशु ने उन्हें दयनीय बना दिया यहाँ तक कि इतना, जैसे कि उसने कहा, “पिता इन्हे क्षमा कर। वे नहीं जानते कि वे क्या कर रहे है।” समझे? वे अन्धे थे, पौलूस ने कहा वे किसी कारण से अन्धे किये गये, हमारे लिये।

228 ध्यान दे, अब मैं चाहता हूं कि आप वास्तव में इस पर ध्यान दे। “उन्हें वस्त्र दिये गये।” उनके पास नहीं थे। उन्हें वस्त्र दिए गए, श्वेत, उनमें से प्रत्येक को। अब, संतो के पास पहले ही एक था; इन्हे यहाँ मिलता है। परन्तु, वहाँ, “उन्हें वस्त्र दिये गये।” और संतो के पास उनके पहले ही थे और चले गये। समझे? समझे? उनके पास नहीं थे...

229 वे, देखिये, उनके पास अवसर नहीं था, क्योंकि वे परमेश्वर के द्वारा अन्धे किये गये, उनका अपना पिता; इसलिये कि परमेश्वर का अनुग्रह पूरा हो, ताकि दुल्हन अन्यजाति में से ली जा सके। क्या यह ठीक बात है? [सभा “आमीन” कहती है।—सम्पा।]

230 मैं आपको यहाँ एक सुन्दर प्रतीक यूसुफ में दिखाऊ; यूसुफ, आत्मिक मनुष्य, उकाब। वह अपने भाईयो के बीच जन्मा, जैसे कि वास्तविक कलीसिया दूसरो के बीच। और वह स्वप्नो को अर्थ बता सकता था, और दर्शन देखता। और बाकियों ने उससे घृणा की, उसके पिता ने उससे प्रेम किया।

231 ध्यान दे, तब वह बाहर था, अपने भाईयों द्वारा निकाला हुआ, ना कि अपने पिता के द्वारा। अपने भाईयो के द्वारा और चांदी के लगभग तीस सिक्को में बेचा गया। गड्ढे में फेका गया और मरा हुआ मान लिया गया

232 निकाला गया, और फिरौन के दाहिने हाथ बैठा। और क्योंकि वह अपने भाईयो द्वारा निकाला गया, देखिये उसे अन्यजाति की दुल्हन दी गयी, ना कि अपने लोगों में से। वहाँ उसके एप्रेम और मनश्शे जन्मे, जो कि इस्त्राएल में मिलाये गये।

233 जैसे इस्त्राएल ने उन्हें आशीषित किया अपने हाथो को बदलने के द्वारा, सबसे छोटे से सबसे बडे को आशीषो को यहूदियो से बदलने के द्वारा वापस... या यहूदी से अन्यजाति को। समझे? अपने हाथों को बदलने के द्वारा छोटे वाले पर जो कि छोटी कलीसिया अन्दर आने को। "मॉ कलीसिया सूर्य में खडी की गयी; जिसने इस बालक को जन्माया।" और ध्यान दे, उसे लेने के लिये इस्त्राएल ने अपने हाथो को बदल दिया प्रतीक में। और यूसुफ...

वे वही बालक, उनकी अन्यजाति की माँ।

234 इस्त्राएल की दुल्हन, वहाँ पीछे बदली गयी पुराने कट्टर से मसीही मार्ग में पवित्र आत्मा जिसने इस्त्राएल के हाथो को बदला। उसने कहा, "परमेश्वर ने मेरे हाथो को पलटा।" उसका उससे कोई मतलब नहीं।

235 ध्यान दे। तब यूसुफ अपने भाईयो के द्वारा अस्वीकार किया गया, उसके अपने लोग अन्यजाति की दुल्हन ली। ठीक वैसे ही जो यीशु ने किया; यहूदियो द्वारा अस्वीकार किया गया, अन्यजाति की दुल्हन ले ली।

236 आईये यहाँ से कुछ पढते है। मैने यहाँ वचन लिखे हुये है, प्रेरित 15। और, ओह, यह एक प्रकार से जिसे कि हमे सिखाना है जो भी हो। मैं विश्वास करता हूँ मेरे पास यह सही है पढिये, प्रेरित 15:14। ठीक है मैं आशा करता हूं अब यह सही है। ठीक है, "शमौन ने घोषणा की कि कैसे परमेश्वर... " नहीं, आईये 13 वे पद से आरम्भ करे।

जब वे चुप हुये तो, याकूब कहने लगा...

237 अब, आप देखते है क्या घटित हुआ था, वे अन्यजातियो के पास चले गये थे। समझे? और विवाद जारी था, क्योंकि वे यहूदी थे। समझे?

जब वे चुप हुये तो याकूब कहने लगा, हे भाईयो मेरी सुनो;

शमौन (यह शमौन पतरस) *ने बताया कि परमेश्वर ने पहले पहल अन्यजाति पर कैसी कृपा दृष्टी की, कि उसमें से अपने नाम के लिये एक लोग बना ले।*

238 ओह! देखिये मेरी पत्नी का नाम ब्रॉय था। जब मैने उसे ले लिया, वह एक ब्रन्हम थी। देखा?

239 यीशु ने अपनी कलीसिया बाहर निकाली, या अपनी दुल्हन अन्यजाति में से। यह वचन है, प्रतीक जैसे की युसुफ था।

240 अब इस पर ध्यान दे, अब ये प्राण जो वेदी के नीचे है। भाई,... यह "ये प्राण," अब समझ रहे है, "वे जो वेदी के नीचे है," क्यो वे पापी मनुष्य आईकमेन जैसे लोगों के द्वारा मारे गये है। समझे? वे पकडे हुये थे, उनमें करोडो। परन्तु वे यहूदी बने रहे।

241 अब स्मरण रखे यह क्या था? "वे परमेश्वर के वचन के कारण मारे गये," ना कि मसीह की गवाही के कारण। क्या आप यह समझ गये?

242 परन्तु स्मरण रहे, कलीसिया भी अन्दर आती है कलीसिया के शहीद परमेश्वर के वचन के कारण और यीशु मसीह की गवाही के कारण। कितने यह बात जानते है, यहाँ पर... [सभा "आमीन" कहती है।—सम्पा।] जी हां। ठीक है।

243 अब, इनके पास यीशु मसीह कि गवाही नहीं थी।

> *परमेश्वर के वचन के कारण और उस गवाही के कारण, जो उन्होंने दी:*

244 यहूदी! और हिटलर ने उन से घृणा की, इसी प्रकार आईकमैन इसी प्रकार स्टेलिन ने की, बाकी बचे संसार ने। समझे? परन्तु वे उसके प्रति सच्चे बने रहे जो उन्होंने विश्वास किया। और उन्होंने उन्हें मारा क्योंकि वे यहूदी थे।

245 क्या आप जानते है मर्टीन लूथर का भी यही विचार था? यह सच्चाई है। उसने कहा, "सारे यहूदियो को बाहर निकाल देना चाहिये। ये लोग मसीह विरोधी है।" समझे? परन्तु वह बस एक दूसरे विधान में था और इसे देख नहीं पाया, देख नहीं पाया, वचन को नहीं देखा।

246 अब वचन, सत्य सामने आता है। कैसे आप कभी इस्त्राएल को अन्धा करने जा रहे थे? आप यह नहीं कर सकते, नहीं।

247 ओह, कैसे वह नबी वहाँ खडा हो सकता था उस दिन में और कहता, "तू एक श्रृगी के समान दिखाई पडता है, इस्त्राएल"? जब वे इसके खराब भाग को दिखाने का यत्न कर रहे थे! उसने कहा, "क्यों," उसने कहा,

"जो कोई भी तुझे आशीष दे, वो आशीषीत होगा और जो भी तुझे श्राप दे, श्रापित होगा।" यह ठीक बात है। ओह, मनुष्य! आप ये कैसे करने जा रहे है?

248 एक बार उन्होंने सोचा, परमेश्वर भूल जायेगा, जब भविष्यद्वक्ता ने अंधियारी चीज को यहूदियो के लिये आते देखा। वह मनुष्य वहाँ खडा हुआ है, और परमेश्वर का वचन उस पर उण्डेला गया। उसने कहा, "ओह प्रभु, क्या तू अपने लोगों को छोडने जा रहा है? "

उसने कहा, "वह क्या है जो तेरे पास पडा है? "

वह कहता है, "एक नापने की छडी।"

249 कहा, "आकाश कितना ऊंचा है? इसे नाप।" ओह। "सागर कितना गहरा है? "

उसने कहा, "मैं ये नही कर सकता।"

250 उसने कहा, "ना ही मैं कर सकता हूँ, ना ही मैं इस्त्राएल को कभी भूल सकता हूँ।" नही, श्रीमान। वह उसे भूलने वाला नहीं।

251 उसे अपने बालको को अंधा करना था, अब इस पर सोचे अपने बालक को अंधा करना, कि हमे अवसर दे और हम इसे अस्वीकार कर देते हैं। अब क्या यह आपको इस विषय में इतना छोटा अनुभव नहीं कराता है कि आप उस कोक्रीट खंड के नीचे उस बडे टोप को लगाये रेंग रहे है और इसे कभी नही छू पाते? आप जानते है यह बहुत छोटा है। ओह, प्रभु! जी हाँ।

252 "वे परमेश्वर के वचन के कारण पकडे गये।" वे यहूदी थे। और उनके पास उनकी व्यवस्था थी, वे उसी पर टिके हुये थे, अब आपको पिछली रात्रि याद है? समझे? वे इसके साथ टिके थे और वे यहूदी थे उनके पास व्यवस्था थी और व्यवस्था परमेश्वर का वचन थी और वे ठीक इसके साथ बने हुये थे। यह ठीक बात है। "और गवाही के कारण वे पकडे गये वे शहीद हुये थे।" और यहाँ वे प्राण वेदी के नीचे है, कलीसिया के जा चुकने के बाद।

253 अब ध्यान दे, वे अपने अंधेपन में थे, अपने मसीहा को शहीद कर दिया और अब वे इसका भुगतान कर रहे है। उन्होंने इसको अनुभव किया। उन्होंने

इसे पहचाना। जब यह बीत गया था, तब उन्होंने उसे देखा, जब वे परमेश्वर की वेदी के सामने आये। परन्तु अब परमेश्वर का अनुग्रह उनके लिये है।

254 अब ध्यान दे, वे नही हो सकते, किसी भी प्रकार से संत नही हो सकते क्योंकि उनको पहले ही वस्त्र दिया जा चुका था। परन्तु यहाँ वे अब है, "प्राण परमेश्वर के वचन के कारण वेदी के नीचे और गवाही जो उनकी थी," परमेश्वर के लोग होने के नाते थी, यहूदी।

255 परन्तु अब ध्यान दे, परमेश्वर का अनुग्रह उनके पास आता है और यीशु उनमें से प्रत्येक को एक श्वेत वस्त्र देता है, (ओह, जरा ध्यान दे; वहाँ पर कलीसिया के चले जाने के बाद), क्योंकि वे अपने उद्देश्य के लिये ईमानदार थे। और वे अन्धे किये गये थे, और उन्हें यह मालूम नहीं। उन्हें ये नहीं मालूम। वे ठीक अपना वह भाग पूरा कर रहे थे जो परमेश्वर ने उनके करने के लिये ठहराया था। और यहाँ, यहाँ, युहन्ना देखता है और प्राणो को वेदी के नीचे देखता है। अब ध्यान दे, वह उन प्राणो को देखता है। ध्यान दे, वह उन्हें क्या कहता है।

वे चिल्लाये, "प्रभु और कितनी देर?"

ध्यान दे, "बस थोडी देर और।" समझे?

256 आईये, इसे लेते है, जैसे कि हम वचन में से होते हुये आगे बढते है, वे अनुभव करते है कि उन्होंने अपने मसीहा की हत्या कर दी। समझे? और उन्हें यह नहीं मालूम परन्तु तब उन्होंने अनुभव किया। उन्होंने किया—उन्होंने हत्या की ताकि वापस इसका भुगतान करे, वहाँ गलत कर रहे है। और अब देखिये, क्या चीज जो उन्हें करनी थी! देखिये, वे हत्या करने के दोषी थे, इसलिये उनकी हत्या की गयी। समझे? वे चिल्ला उठे, "इसका लहू हम पर हो!" समझे? यह ठीक बात है। और वे अन्धे थे।

257 अब, यदि वे अन्धे नही किये गये थे; परमेश्वर कहता, "उन्हें रहने दो, वे योग्य नहीं है।" परन्तु यह होते हुये, वे परमेश्वर के द्वारा अंधे किये गये उसका अनुग्रह उनके पास नीचे उतरा। आमीन! आश्चर्यजनक अनुग्रह के विषय में बात करते है! और उन में से प्रत्येक को वस्त्र देता है, क्योंकि सारा इस्त्राएल बचाया जायेगा, प्रत्येक का अपना नाम लिखा हुआ है। यह ठीक बात है। यीशु ने उन्हें वस्त्र दिये।

258 जैसे युसुफ ने अपने भाईयो के साथ किया; एक प्रतीक, देखिये जब यूसुफ वहाँ खडा हुआ और जब वह अंत… उसने अपने आप को वहाँ वेदी

पर प्रकट किया, उसकी अपनी वेदी उसके महल में, उसका सिंहासन। उसने कहा, "हर कोई चला जाये।" उसकी पत्नी वहाँ महल में थी; जहाँ दुल्हन होगी।

259 और उसने उन से कहा, उसने कहा, "क्या तुम मुझे नही जानते? " अरे! अब वह इब्रानी बोल रहा है। "मैं तुम्हारा भाई यूसुफ हूँ।" ओह, प्रभु!

उन्होंने कहा, "अब, ओह, अब तू हमें पकडने जा रहा है।"

260 कहा, "एक मिनट रुको। एक मिनट रुको। परमेश्वर ने यह एक उद्देश्य के लिये किया है। तुमने मुझे फैकना था, कि जीवन बचे।" महिमा हो! आप ठीक यही पर है। कहा, "अपने आप पर क्रोधित ना हो।" याद करे यूसुफ ने यह कहा? कहा कि, "अपने पर क्रोधित ना हो। अब सब ठीक है। यह सब समाप्त हो गया। परमेश्वर ने मुझे यहाँ तुम्हारे आगे–आगे भेजा।"

261 आप जानते है, कि बाइबल ने कहा कि वे उससे कहेंगे, जब वे उसे आते हुये देखते है, कहा, "कहते है कि तू मसीह है, हम जानते है। परन्तु, परन्तु, इन दागो के विषय में क्या है? " समझे?

262 उसने कहा, "ओह, ये मुझे मेरे मित्रो के घर में लगे।" मित्रो के?

263 तब जब उन्होंने यह अनुभव किया, वे जो छुट गये थे एक लाख चवालीस हजार, बाइबल ने कहा वे अपने आप को एक दूसरे घराने से अलग करेंगे। और रोना और विलाप कई दिनो तक करते रहे, फर्श पर इधर–उधर चलते है; कहते है, "हमने यह कैसे कर दिया? हमने यह कैसे कर दिया? क्यो हमने अपने मसीहा को क्रूस पर चढा दिया।" कहा, घर में ऐसे रोये, जैसे पहलौठे के लिये। "कैसे हमने यह कर दिया? "

264 वे यहूदी, वे—वे लोग संसार के सबसे अधिक धार्मिक लोग; परमेश्वर के चुने हुये, परन्तु उसने उन्हें अंधा कर दिया कि हमें ले और हमने इसे ठुकरा दिया। अन्यजाति कलीसिया का क्या न्याय है! आप वहीं है। समझे? परमेश्वर के द्वारा उद्देश्य से अन्धा किया गया, ताकि वह हमे ले सके, यीशु के लिये एक दुल्हन। उन्हें उसमे से लिया... समझे? और इसे पूर्व—नमूना बनाया और सारी बातें।

265 अब आप देखे वे प्राण कौन है? वे शहीद हुये संत नही हैं। वे तो चले गये। यह ठीक बात है। ध्यान दे वे, वे चले गये थे। समझे?

266 इसलिये इन्हे वस्त्र दिये गये, उन में से प्रत्येक को। और अब मैं चाहता हूँ कि आप ध्यान दे। परन्तु अब परमेश्वर का अनुग्रह उन पर हुआ। यीशु ने उन प्रत्येक को श्वेत वस्त्र दिया, जैसे यूसुफ ने किया, उसका अनुग्रह उसके भाईयो पर।

267 अब ध्यान दे, यद्यपि उन्होंने यूसुफ से पीछा छुडाना चाहा इसी तरह, परन्तु उसका अनुग्रह उन पर हुआ। समझे? "ओह, यह ठीक बात है। यह ठीक बात है, तुम्हारा करने का यह अर्थ नही था। परन्तु देखिये, यह परमेश्वर यह कर रहा था। समझे? परमेश्वर ने तुम सब को यह करने दिया, ताकि वह मुझे बाहर निकाल सके, और मुझे यहाँ लेकर आये, ताकि मैं लोगों का जीवन बचा सकू, यहाँ इन अन्यजातियों का जहाँ से मुझे अपनी पत्नी मिली। मेरे पास पत्नी नहीं होती, यदि मैं वही टिका रहता, अब मैं अपनी पत्नी से प्रेम करता हूँ, उससे यहाँ मेरे पास ये बालक है।" और कहा, "मैं—मैं... और अब—अब मैं तुम सबको लेने आ रहा हूँ अब तुम सब के साथ यह भलाई भी है, मैं तुम्हे यहाँ लाने जा रहा हूँ, हम सब एक साथ मिल कर रहेगें, एक बडे परिवार के समान।" समझे? समझे? समझे? कहा, "मैं एक बात तुम से पूछना चाहता हूँ, क्या मेरा बूढा पिता अब भी जीवित है? " ओह!

268 और उस पर ध्यान दे, उसने छोटे बिन्यामिन के साथ क्या किया जो कि एक लाख चवालीस हजार का प्रतीक है, जैसा कि हम इसे बाद में लेंगे। देखिये उसने क्या किया? वह सीधा जल्दी से बिन्यामिन की ओर दौडा, उसे अपने गले लगा लिया। उसका छोटा भाई परिवार में उसके चले जाने के बाद जन्मा था, देखिये; उसकी मां के द्वारा, पहली कलीसिया ऑर्थोडॉक्स कलीसिया। एक लाख चवालीस हजार उसकी अनुपस्थिति में जन्मे, जबकी वह दूर अपनी अन्यजाति कि दुल्हन को लेने गया। ओह, प्रभु! क्या यह आपको कुछ नही करता! ये यहाँ पर है। इसलिये आप देखते है कि वे कौन है? वे वहाँ पर है।

269 अब ध्यान दे, यद्यपि उन्होंने यूसुफ से पीछा छुडाना चाहा, उसका अनुग्रह उन पर हुआ।

270 यद्यपि उन्होंने यीशु से पीछा छुडाने का यत्न किया, वह अब फिर वापस लौट कर आया (क्योंकि वे अन्धे थे) उनमें से हर एक को श्वेत वस्त्र दिया। वह उन्हें अपने घर ले जाने जा रहा है, जो भी है। इस से जरा भी

अन्तर नहीं पडता। क्योंकि उसने कह दिया है, “मैं उन सब को बचा लुगा जो भी हो।” समझे?

अब दसवा पद। ध्यान दे, उन्होंने “पलटा” लेने के लिये कहा। समझे?

271 अब यदि यह दुल्हन थी, तो यह स्तफनूस के समान थी। “पिता इन्हे क्षमा कर,” आप जानते है । समझे?

272 परन्तु ये यहूदी है जो हाल में ही अन्दर आये है, वे “पलटा” लेने के लिये कहते है। फिर ध्यान दे, देखिये, उसने फिर कहा... ध्यान दे ये नही... उसने कहा, “ये तेरे भाई है,” ये यहूदी। सैकडो... अब उन्होंने बदला चाहा, उन्होंने कहा, “ओह, हम... हम चाहते है कि तू हमारा बदला ले।”

273 उसने कहा, “बस थोडी देर और, अब थोडी देर और।” क्योंकि ध्यान दे, मुझे यहाँ से पढने दे, यह 10 वे पद में है। ठीक है।

> *उन्होंने बडे शब्द से पुकार कर कहा, हे स्वामी, हे पवित्र और सत्य; तू कब तक न्याय नहीं करेगा? और पृथ्वी के रहने वालो से हमारे लहू का बदला कब तक ना लेगा?*
>
> *उन में से हर एक को श्वेत वस्त्र दिया गया, और उन से कहा गया कि और थोडी देर तक विश्राम करो,* (क्या?) *जब तक कि तुम्हारे संगी दास...*

274 समझे? अब यह क्या है? भविष्यद्वक्ता अब इस्राएल को प्रचार कर रहे है। समझे?

> *... जब तक कि तुम्हारे संगी दास और भाई भी, जो तुम्हारे समान वध होने वाले है...*

275 देखिये जो ऐसा होने के लिये पहले से ठहराया गया है। आप समझे?

> *... तुम्हारे समान वध होने वाले है उनकी भी गिनती पूरी ना हो ले।*

276 देखिये दूसरे शब्दो में, यह उनके लिये पहले से ठहराया गया है। यह वचन है कि उन्हें यह करना ही है। “और थोडी देर विश्राम करो। अब तुम्हे तुम्हारे वस्त्र मिल गये है; तुम लोग घर जा रहे हो, और थोडी देर बैठो, देखिये, थोडी देर प्रतीक्षा करो।”

277 अब ध्यान दे। ध्यान दे, "तेरे भाई।" "तेरे भाईयो को अभी मारा जाना है," जिनका अर्थ एक लाख चवालीस हजार को अभी विपत्तियों में बुलाया जाना है। एक लाख चवालीस हजार जो बुलाये गये है।

278 इच्छा थी कि समय होता। हम कल आने वाली रात्रि में ले सकते है, यदि प्रभु ने चाहा तो, हम... इसके पहले कि हम दूसरी मोहर पर आये। समझे?

279 अब इस पर भी, ध्यान दे, इन्हे भी मसीह विरोधी के द्वारा शहीद होना है। हमने हाल ही में लिया; और ध्यान दे, उसकी अन्तिम सवारी में, जब वह वहाँ यहूदियो के साथ अपनी वाचा को तोड देता है। और वहाँ वह जाती है। समझे?

280 ये यहूदी एक लाख चवालीस हजार प्रकाशितवाक्य ग्यारह के दो गवाहो के द्वारा बुलाये गये। अब आपको स्मरण है कि उन्हें भविष्यवाणी करनी है।

281 आपने यह पद लिया है, आप में से कितनो ने यह पढा है? [सभा "आमीन" कहती है।—सम्पा।] निश्चय ही, हम सब को मालूम है वचन पढ रहे है।

282 और वे भविष्यवाणी करते है, ये दो गवाह भविष्यवाणी करते है, दानिएल के समय में, सत्तरवे सप्ताह के अगले आधा सप्ताह में। यह अन्तिम साढे तीन वर्ष है।

283 स्मरण रहे, हमने कैसे दानिएल के सत्तर सप्ताह लिये थे? मैने कहा, हमे इसकी आवश्यकता पडेगी, जब हम इसको यहाँ लेते है। मुझे नहीं मालूम था कि क्यो परन्तु मैं बस... किसी चीज ने मुझ से कहा हमें इसकी जरुरत पडेगी और हम यहाँ पर है। जी हाँ। समझे?

284 ध्यान दे, दानिएल के समय में। अब स्मरण रखे, दानिएल को यह बताया गया था, कि, "मसीहा आयेगा," राजकुमार, "मसीहा," बल्कि, "और वह भविष्यवाणी करेगा। इस्राएल के पास तब भी सत्तर सप्ताह बचे हुये थे। और सत्तर सप्ताहों के आधे में, मसीह काटा जायेगा और प्रतिदिन का बलिदान हटा दिया जायेगा।" क्या यह ठीक बात है? [सभा "आमीन" कहती है।—सम्पा।] "परन्तु वहाँ अब भी साढे तीन सप्ताह ठाने हुये है।"

इस वाले भाग में, वह अन्यजाति दुल्हन देता है।

285 अब, वह ऊपर जाती है। और जब वह ऊपर जाती हैं, दो भविष्यद्वक्ता इस्राएल में उठ खडे होते है। समझे?

286 और वे प्राण जो शहीद हुये थे, अब यहाँ से होते हुये, वास्तविक सच्चे यहूदी यहाँ से होते हुये; जिनके नाम पुस्तक में है जिन्हाने सही जीवन जीया, और सही कार्य किये, यहूदी मत में बिल्कुल ठीक–ठीक जीवन बिताया, उन लोगों को आईकमैन आदि—आदि के द्वारा शहीद किया गया था। ईमानदार लोग, वहाँ पर लाखो लोग! और उन जर्मनियो ने गोली से मार डाला और उनकी हत्या की और उन्हें मार डाला और उन्हें बाड के तारो पर लटका दिया। और उन्हें जलाया और भस्म कर दिया। और सब कुछ वह लहू रहित या खूनी ह्दय भूखा हिटलर और स्टेलिन और मसोलीनी और वे सारे लोग, जिन्होने यहूदियो से घृणा की।

287 मैं सोचता हूँ यह एक बात है, जो राष्ट्रो को एक साथ थामे हुये है, क्योंकि उन्होंने सदा यहूदिया का सम्मान किया यह ठीक बात है, उसे एक स्थान दिया। आप यहूदियो का सम्मान करते है, और परमेश्वर आपका सम्मान करेगा।

288 अब वहाँ यहूदियो का एक झुण्ड जो स्वर्धत्यागी है, जैसे की अन्यजाति वैसे ही।

289 परन्तु वास्तविक यहूदी, परमेश्वर ने उसका नाम पृथ्वी के रचने से पहले पुस्तक में लिखा है। और यहाँ वह इस समय में मार डाला गया। और याद करे, अब इस पर सोचे, यह कितना सिध्द है। उन लाखो यहूदियो के मार डाले जाने के बाद निर्दोष लोग, संसार के राष्ट्रो के द्वारा; यहाँ पर वचन कहता है, ठीक इस समय में, उन में से प्रत्येक वेदी के नीचे है, अनुभव करे क्या घटित हुआ, और उन्हें श्वेत वस्त्र दिये गये।

290 और उन्होंने कहा, “भाई क्यों? क्या हम ठीक अभी राज्य में वापस जा सकते है?” यहूदी राज्य को पृथ्वी पर स्थापित होना है, आप जानते है। यूहन्ना ने कहा, वहाँ एक राज्य था, देखिये, कि स्थापित किया जाये।

अब यह सुसमाचार का राज्य है, आप देखिये।

291 परन्तु यहूदियो का राज्य इन दो भविष्यद्वक्ताओ के द्वारा प्रचार किया जायेगा, इसलिये ध्यान दे, पृथ्वी का राज्य यहाँ है।

292 “स्वर्ग के राज्य का प्रचार किया गया है,”... यहूदियो के द्वारा या... मेरा अर्थ, “अन्यजाति को।”

293 यहाँ का राज्य पृथ्वी पर है, इसे पृथ्वी पर सहस्त्रशताब्दी में स्थापित होना है, सहस्त्रशताब्दी के पश्चात यहूदियो को।

294 अब ध्यान दे। अब इस पर ध्यान दे, यहाँ जबकि वे—वे प्रचार कर रहे है, देखिये।

295 इसके पहले कि ये भविष्यद्वक्ता दृश्य में आये, ये यहूदी आईकमैन और उनकी अधीनता में मारे गये उन में से प्रत्येक ठहराया गया था, उन्हें श्वेत वस्त्र दिया गया था। प्रत्येक को श्वेत वस्त्र दिया गया था। ध्यान दे।

अब क्या हुआ? जैसे ही यह घटित हुआ...

296 मैं वहाँ उस घडी को देख रहा हूँ, और मैं जानता हूँ कि हमें—हमें देर हो रही है। परन्तु मैं नही चाहता कि... देखिये मैं—मैं... वे... उन बेचारे लोगों पर ध्यान दे रहा हूँ जो वहाँ खडे है। परमेश्वर आपकी सहायता करे भाईयो। मैं आशा करता हूँ कि उस दिन आप में प्रत्येक को श्वेत वस्त्र दिया गया है, देखिये। खडे हुये, अपने पैरो को आगे पीछे बदल रहे है, दुखते पैरो के साथ आप में से बहुतो ने पूरे दिन काम किया है, मैं जानता हूँ कि यह क्या होता है। और इधर देखिये... और कुछ बेचारी बूढी महिलाये खडी है, मैंने देखा कि कुछ लोगों ने अपनी जगह इन महिलाओ का दे दी और किसी ने बेचारी माँ को बच्चे के साथ है दे दी। और मैं—मैं—मैं—मैं यह सब देखता हूँ, और मैं निश्चित हूँ वह देखता है। ध्यान दे। परन्तु मैं आप लोगों को बहुत देर तक रोके नहीं रखना चाहता, यदि मैं आप तक यह सन्देश पहुँचा सकू, बस यही चाहता हूँ कि, आप कर ले।

297 अब इन यहूदियो पर ध्यान दे, मुझे यह करना है ताकि आप इस मोहर के प्रकाशन को देख सके; देखे कि यह क्या है, ये प्राण जो वेदी के नीचे है और वे कौन है। अब ध्यान दे।

298 दानिएल के समय में, 70 वे सप्ताह के अगले दूसरे भाग में। अब याद रखे, "मसीह को काटा जाना है, बीच में।" यह बीच है। भाई, ये सात का आधा क्या है? [सभा कहती है, "साढे तीन।"—सम्पा.] साढे तीन, मसीह ने कितने समय प्रचार किया? ["साढे तीन।"] यह ठीक बात है। अब, "वहाँ अब भी लोगों के लिये ठना हुआ है," (क्या?) "और साढे तीन वर्ष।"

299 ठीक है, इस समय के चलते, क्यो, देखिये, क्या घटित हुआ अन्यजाति दुल्हन सात कलीसिया कालो में चुनी गयी, और ऊपर चली गयी।

300 और जब यह इस प्रकार से होता है, सारे यहूदी जो इस समय शहीद हुये अपने अन्धेपन के कारण, वहाँ वेदी के नीचे है, परमेश्वर आकर कहता

है, "आप देखते है, यह क्या था? अब मैं तुम में से प्रत्येक को एक वस्त्र देता हूँ।"

उन्होंने कहा, "प्रभु, और कितनी दे? क्या अब हम इसमे जा रहे है? "

301 कहा, "नहीं, नहीं, नहीं, नहीं। तुम्हारे संगी साथी, यहूदीयो को थोडा दु:ख उठाना है, अभी। उन्हें भी शहीद होना है जैसे तुम हुये थे, वह पशु उनको लेने जा रहा है, जब वह अपनी वाचा तोडेगा।"

302 अब ध्यान दे। और एक बार ध्यान दे... अब बस याद रखे, ये भविष्यद्वक्ता प्रकाशितवाक्य ग्यारह के अनुसार भविष्यवाणी करते है। आप ने अपने हाथो को उठाया है, आपने ये पढा है। समझे? और उन्हें सामर्थ दी गयी है।

303 और हम यह मालूम करने जा रहे है कि वे कौन है बस एक मिनट, प्रभु ने चाहा। अब ध्यान दे, ये भविष्यद्वक्ता कौन है। और अब बाइबल यहाँ यह बताती है, निश्चय ही, वह करता है! समझे?

304 अब ध्यान दे, साढे तीन सप्ताह के बीच में अब, कि वे वहाँ भविष्यवाणी कर रहे है और प्रकाशन ने यहाँ कहा... और उन्होंने—उन्होंने एक हजार तीन सौ चालीस दिनो भविष्यवाणी की। यदि...

305 अब साधारण यहूदी कलेण्डर, परमेश्वर के कलेण्डर का साधारण समय ठीक तीस दिन एक महीने में। रोमी कलेण्डर में मिला–जुला है। नियमित कलेण्डर एक महीने में तीस दिन।

306 अब यदि आप तीस दिनो को लेना चाहते है और साढे तीन वर्षो को जोड ले और तीस दिनो को देखे और, ठीक है, आपको क्या मिलता है? एक हजार तीन सौ और... या... दो सौ 60 दिन, "एक हजार दो सौ साठ दिन (साठ दिनो)" ठीक साढे तीन वर्ष।

307 अब आप देखते है, इसमें कोई गलती नहीं है। ये यहाँ पर है, बिल्कुल ठीक एक दूसरे में ठीक बैठता है। ध्यान दे, उन दो भविष्यद्वक्ताओ ने साढे तीन वर्षो तक प्रचार किया, यहूदियो को। इसमें, बाहर बुलाया एक लाख चवालीस हजार को।

308 और फिर ध्यान दे, ये दो भविष्यद्वक्ता ठीक मूसा और एलिय्याह है समझे? समझे? अब देखिये, देखिये उनके... उनकी सेवकाई को देखे, अब ध्यान दे कि ये दो भविष्यद्वक्ता क्या करते है। "उनके पास सामर्थ है

कि पृथ्वी पर मरी लाये, जैसा भी वे चाहे।” यह किसने किया? मूसा ने। “उनके पास सामर्थ है कि आकाश को बन्द कर दे और उनकी सेवकाई के दिनो में वर्षा ना हो।” साढे तीन वर्ष के लिये किसने आकाश बन्द किया? [सभा कहती है “एलिय्याह।”—सम्पा।] वे वहाँ है, यही वे है। देखिये, यह...

309 देखिये मनुष्य, जब वह मरता है, वह अपनी प्रतिष्ठा नहीं बदलता। वह अपना रुप नहीं बदलता। देखिये जब—जब पहले...

310 जब शाऊल पिछड गया था, और देश में कोई भविष्यद्वक्ता नहीं था, वह नहीं समझ सका कि क्या करे—क्या करे। वह इसके विरोध में था। वह युध्द पर जा रहा था। वह इन्दोर की जादूगरनी के पास गया।

311 अब बैलो और बकरियो का लहू, वह यह कर सकती थी। और उसने शमुएल की आत्मा को बुलाया।

312 और जब शमुएल ऊपर आया, वहाँ वह भविष्यद्वक्ता के वस्त्रो में खडा हुआ, केवल यही नहीं, परन्तु वह अब भी भविष्यद्वक्ता था। कहा, “तूने मुझे मेरे विश्राम में से क्यों बुलाया,” देखिये, उसने कहा, “देखते हुये तू परमेश्वर का शत्रु बन गया?” उसने कहा, “कल रात्रि इसी समय तू लडाई में मारा जायेगा और कल रात इस समय, तू मेरे साथ होगा।” और ठीक यही जो हुआ। समझे? केवल यह नहीं... वह अब भी भविष्यद्वक्ता है। समझे?

313 और ये लोग अब भी भविष्यद्वक्ता है। अब हम इसकी थोडी और गहराई में जायेगे, अभी कुछ मिनटो में, प्रभु ने चाहा तो। समझे?

314 ओह प्रभु, मैं कितना इस वचन से प्रेम करता हूँ! “मनुष्य केवल रोटी से ही नहीं जीयेगा। हर वचन जो परमेश्वर के मुख से निकलता है!”

315 ये दोनो भविष्यद्वक्ता मूसा और ऐलिय्याह है उनके कामो के फिर से नमूना दिखाने के द्वारा। उनकी सदा से यही सेवकाई रही। अब ध्यान दे, जैसा कि उन्होंने किया, इसने उन्हें नहीं बदला, याद रहे ये लोग कभी नहीं मरे। एक मिनट के लिये ध्यान दे।

316 अब, घबराये नहीं इसके, पहले इससे आगे बढे, भ्रमित ना हो एलिय्याह की पांचवी बार की सेवकाई, उसकी चौथी बार की सेवकाई के साथ। मैं

आपको बताता रहा हूँ, अन्यजाति कलीसिया एलिय्याह की राह देख रही है। ठीक है।

317 और यहाँ वह यहूदी के साथ है। याद रखे, वह चार में नहीं आ सकता; ये—यह शत्रु का अंक है। उसे पांच होना है।

318 पहली वह आता है, वह स्वयं में एलिय्याह है। अगली बार वह आता है, वह एलीशा था, अगली बार वह आता है वह था (क्या?) यूहन्ना बपतिस्मा देने वाला। अगली बार वह आता है, सातवे दूत के लिये। और पांचवी बार वह आता है, वह मूसा के साथ है, वहाँ पर, इन्हे प्रचार कर रहा है। निश्चय ही। जी हाँ श्रीमान। उससे परेशान ना हो। ओह!

319 पाँच, यदि आप अपनी बाइबल के अंको को जानते हो, पाँच परिश्रम अनुग्रह का अंक है। और यही जो उसने किया। अब ध्यान दे, आप जानना चाहते है कि यह कहाँ है? क्या यीशु परिश्रम का अनुग्रह था? J–e–s–u–s पांच L–a–b–o–r क्या यह ठीक है? labor आपके लिये प्रेम, परिश्रम। और यदि आप उसके पास जाये, आप कैसे आते है, किसके द्वारा? L–a–b–o–r में F–a–i–t–h (परिश्रम में विश्वास)। क्या ठीक बात है? labor परिश्रम अनुग्रह का अंक है, ठीक है, विश्वासियो के लिये।

320 ध्यान दे, पहला ऐलिय्याह, वो वह था, दूसरा एलीशा था और तीसरा यूहन्ना था। चौथा सातवा दूत था या कलीसिया के लिये अन्तिम सन्देशवाहक मलाकी–4 के अनुसार और प्रकाशितवाक्य 10:7। अब, पांचवी बार, वह यहूदियो के लिये संदेशवाहक, एक लाख चवालीस हजार के लिये, यहूदियो को कलीसिया के चले जाने के बाद।

321 मैं—मैं—मैं थोडा अजीब सा अनुभव कर रहा हूँ देखिये। देखिये? देखिये यदि कोई सोचता है... मैं आपको यह समझना चाहता हूँ। यदि कोई अब भी सोचता है मलाकी–4 “वापस लाने” को लोगों को, वही बात है, वह यह, वहाँ यहूदियो के लिये करता है और सोचता है यह सब एक ही बात है; मैं आपको यह स्पष्ट कर दू एक मिनट। देखिये, यह थोडा सा चकरा देनेवाला होगा। क्योंकि, स्मरण रखे, मलाकी–4, में कहता है, “पूर्वजो का विश्वास वापस लाना... या बालको का वापस पूर्वजो पर।” देखिये, वापस पूर्वजो पर!

322 अब मैं आपको सेवकाई का अन्तर दिखाऊ। यदि वह बालको का विश्वास वापस पूर्वजो पर लाने को आता है, वह मसीह का इन्कार करेगा।

वह वापस व्यवस्था पर जायेगा। यह ठीक बात है? पूर्वजो ने व्यवस्था का पालन किया। आप समझे इसे? [सभा "आमीन" कहती है।—सम्पा।]

323 ध्यान दे, जब एलीशा, जब वह अपनी सेवकाई मलाकी चार में पूरी करने आता है, देखिये, जैसे मलाकी–4 ऐलिय्याह अपने से ही था।

324 परन्तु जब वह यहूदियो की सेवकाई के लिये आता है प्रकाशितवाक्य 11 का, उसके साथ मूसा था। [भाई ब्रन्हम दो बार ताली बजाते है—सम्पा।] इसलिये कोई परेशानी की बात नहीं है, जरा भी नही। समझे? समझ आया? [सभा "आमीन" कहती है।—सम्पा।]

325 जब मलाकी–4 का एलीशा आता है, वह स्वयं में है, एलिय्याह दौडेगा; ना कि एलिय्याह और मूसा। "एलिय्याह" उठेगा। परन्तु वही प्रेरणा कि एलिय्याह ने कहा कि वह कलीसियायी युग के अन्तिम भाग में आयेगा, "कि बालको का विश्वास वापस, मूल विश्वास जो पूर्वजो का था ले आयेगा," प्रेरित का विश्वास, जिस पर आपको वापस जाना है। और मसीह विरोधी ने उनको बाहर कि ओर खेचा। "कि वापस लौटाये," जैसे सारा बाकी पवित्र वचन आपस में मेल खाता है। देखिये, वह अपने से ही आता है। समझे?

326 परन्तु जब वह कलीसिया में आता है, बाइबल... या एक लाख चवालीस हजार के पास आता है, तो बाइबल स्पष्ट कहती है, कि वे दोनो... वहाँ वे दो है, ना कि एक, वे दोनो! और उसकी पहली सेवकाई यहूदियो को ना ले सकी और उन्हें वापस व्यवस्था पर लाये, वह हो गया... क्योंकि वह मसीह को एक लाख चवालीस हजार को प्रचार करने आया, आमीन, "वहाँ वह मसीह था, जो काटा गया था।" आमीन! यही है, इसलिये चकराये ना। यह उलझन वाला नहीं है। वचन झूठ नहीं बोलता, जरा भी नही।

327 महिमा हो! ओह जब मैने यह देखा, मैं कूद रहा था! मैने कहा "धन्यवाद प्रभु," जब मैने इसे घटित होते हुये देखा, एलिय्याह को उस पहले युग में बाहर आते देखा, स्वयं से, और वह अपने ही द्वारा आया था, तब जब मैने उसे फिर से आते देखा वहाँ कही और, वहाँ वे दो थे, जब वह घटित हुआ, कहा, "ये यहाँ पर है, ये वह करता है, प्रभु, आमीन! अब मैं इसे देखता हूँ! हेलिलुय्या!" बिल्कुल ठीक।

328 यदि मैने इसका उल्लेख नहीं किया होता, तो यह थोडा किसी को परेशान करनेवाला होता। परन्तु उसने मुझे इसका उल्लेख करने को कहा, इसलिये मैने किया।

329 ध्यान दे, ये मनुष्य परमेश्वर के द्वारा जीवित रखे गये उनकी मूल सेवकाई से, भविष्य की सेवा के लिये, उन्होंने इतनी अच्छी सेवा की। समझे? जरा सोचे, वह एलिय्याह का आत्मा पांच बार सेवा करता है; मूसा, दो। क्या? आगे के लिये जीवित रखा, भविष्य की सेवा के लिये।

330 उनमें से एक भी नहीं मरा अब; क्या आप यह विश्वास नही करते, वे दोनो जीवित देखे गये, रुपान्तरण वाले पवित्र पर्वत पर यीशु से बातें कर रहे थे। परन्तु स्मरण रखे, उन्हें मरना चाहिये।

